लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:11 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

वर्ष 2, अंक 157, पृष्ठ 20+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मरते पक्षियों का शोकगीत व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।

इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका में कंगना...19

www.amritvichar.com

आज का मौसम | अधिकतम तापमान 16.0° | न्यूनतम तापमान 9.0° | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 06:55 | सूर्यास्त 05:48

कानपुर, रविवार, 28 जनवरी 2024

अखिलेश यादव ने किया खुलासा कांग्रेस को देंगे लोकसभा की 11 सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी
- कांग्रेस नेताओं ने कहा, बातचीत अभी जारी है, सीटों की संख्या फाइनल नहीं

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट देने की बात का खुलासा किया है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। वहीं, सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 25 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, ऐसे में अभी बातचीत फाइनल नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व ने भी सीटों के समझौते पर बातचीत जारी रहने की प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्पष्ट किया है कि, मंथन जारी है, तस्वीर साफ होने के बाद हम घोषणा कर सकेंगे। इससे पूर्व रालोद का 7 सीटों पर लड़ने का सपा के साथ समझौता हो चुका है।

आस्ट्रेलियाई ओपन जीत बोपन्ना ने रचा इतिहास

- बोपन्ना-इबडेन ने जीता पहला पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब
- ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने रोहन

43 वर्ष की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी रोहन के नाम

मेलबर्न। रोहन बोपन्ना ने शनिवार को मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। दूसरी वरीय बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने 1 घंटा 39 मिनट तक चले फाइनल में इटली की जोड़ी पर 7-6(0) 7-5 से जीत दर्ज की। लिएंडर पेस और महेश भूपति ही पुरुष टेनिस में मेजर खिताब जीत पाए हैं जबकि सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

हर ब्लॉक में होगा खेलो उत्तर प्रदेश

- मुख्यमंत्री योगी ने किया एलान
- खिलाड़ियों को निश्चित मानदेय पर खेलो यूपी सेंटर में नियुक्त किया जाएगा कोच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की। कहा कि केंद्र की ओर से हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, उसी तर्ज पर प्रदेश के हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके लिए खेल विभाग के साथ मिलकर बजट तय होगा। खिलाड़ी खेलों के उपरांत अपना समय दे सकते हैं, उनको सेंटर में निश्चित मानदेय पर कोच नियुक्त किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेताओं को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

आज सरकार पैसा भी दे रही और नौकरी भी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज 189 खिलाड़ियों को 62 करोड़ की राशि प्रदान की गई है तो 7 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पहले पैसा देकर नौकरी खरीदते थे, आज सरकार नौकरी भी दे रही है और पैसा भी। सरकार ने पहले से संकल्प लिया है कि हम हर जनपद में स्टेडियम बनाएंगे, हर ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाएंगे, हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान और ओपन जिम बनाएंगे। इसके साथ ही खेल और खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी हो, इसका भी प्रावधान करेंगे। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

दंगा नहीं, अब उत्सव प्रदेश बना यूपी

दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में मुख्यमंत्री ने किया बायोगैस प्लांट का लोकार्पण

2014 से पहले था बीमारू, आज समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव सिंह, बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, एमएलसी वागीश पाठक, सिनोद शाक्य।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 से पहले बदायूं जनपद में आने से लोग डरते थे। असुरक्षित वातावरण था, लेकिन आज बदलाव सभी को दिख रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश में कहीं भी दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश दंगा नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बदायूं की विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र का लोकार्पण करने के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट विकास की नई शुरूआत है। जो अन्नदाता की आमदनी बढ़ाएगा। युवाओं को रोजगार देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का उत्तर प्रदेश है। जहां समृद्धि, सुरक्षा और सुशासन व सुव्यवस्था है। छह साल पहले बदायूं और आसपास के जिलों में सुरक्षा में खिलवाड़ जैसा था। बेटी, बहन के सामने सुरक्षा का संकट था। वह स्कूल नहीं जा पाती थीं। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। आज न तो प्रदेश में गुंडागर्दी है और न ही कहीं दंगे होते हैं। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश था, वह उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कहीं रामोत्सव हो रहा है तो कहीं कृष्णोत्सव हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति देश में सबसे तेजी से हो रही है। उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश था। जून 2015 से योजनाएं लागू हुईं तो प्रदेश की व्यवस्थाओं में बहुत सुधार आया। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर होने जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में 36374.08 लाख की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 6055.23 लाख की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

उप्र. में जल्द लगेंगे 100 बायो गैस प्लांट : पुरी

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके अलावा राज्य के 8 अन्य जनपदों में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री से बड़ा सहयोग मिल रहा है। बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह से पूर्व लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उप्र ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं प्लांट के बारे में कहा कि करीब 135 करोड़ के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। बायो गैस पराली के निदान के लिए अत्यंत उपयोगी है।

नीतीश कुमार का गठबंधन से मोहभंग, देंगे इस्तीफा

शाम 4 बजे ले सकते हैं नई शपथ, जदयू नेता केसी त्यागी ने भी दिए संकेत

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने जोर देकर कहा, 'वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।

यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश रविवार सुबह 10 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को भी कहेंगे। पार्टी सूत्रों का दावा है कि नीतीश 2 उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे।

इस बीच जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। एक सवाल के जवाब में त्यागी शायराना अंदाज में कहते हैं कि मेरी फितरत तो देखिए, मेरा सलीका तो देखिए। जब उलझ जाती है गुत्थी तो सुलझाने में लग जाता हूं मैं। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है।

इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में नीतीश का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि नीतीश के इस्तीफा देने तक कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं की जाए।

बिहार विधानसभा की स्थिति

जदयू-45	राजद-79
बीजेपी-78	कांग्रेस-19
सीपीआई (एम-एल)-12	
सीपीआई (एम)-02	सीपीआई-02
एआईएमईएम-01	निर्दलीय-01
हम-04	=कुल-243

राबड़ी देवी, बेटी मीसा दिल्ली की कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। न्यायाधीश ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ भी पेशी वारंट जारी किया, जो फिलहाल मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद परिवार के करीबी कात्याल, रेलवे कर्मचारी हृदयानंद चौधरी, दो फर्म 'ए के इंफोसिस्टम्स प्रालि' और 'एबी एक्सपोर्ट्स प्रालि' को नामजद किया गया है।

- नौकरी के बदले जमीन मामला

ट्रैक पर पड़े स्लीपर से टकराई वंदेभारत, बड़ा हादसा टला

संवाददाता, अछल्दा-औरया

- आईओडब्ल्यू निलंबित, डंपर चालक सहित दो गिरफ्तार, मामले की जांच शुरू

अमृत विचार : दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे ट्रैक पर पड़े स्लीपर से वंदेभारत एक्सप्रेस टकरा गई। चालक ने सूझबूझ से ट्रेन को रोककर बड़ा हादसा टाल दिया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए आईओडब्ल्यू को निलंबित कर दिया गया है। डंपर चालक सहित दो को गिरफ्तार किया गया है।

वाकया 12 बजकर 2 मिनट का है। गांव विचोलिया के सामने रेलवे ट्रैक के समीप बन रही बाउंड्रीवाल के लिए स्लीपर उतारे जा रहे थे। तभी एक स्लीपर रेलवे लाइन पर गिया। भारी होने के चलते स्लीपर को मजदूर हटा नहीं पाए। तभी दिल्ली से आ रही 22416 वंदेभारत एक्सप्रेस स्लीपर से टकरा गई। चालक ने ट्रेन को रोककर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ के जवानों ने स्लीपर को हटवाया। करीब 17 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। वंदेभारत एक्सप्रेस के खड़े होने से नई दिल्ली से आ रही 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को 14 नंबर गेट के पास रोका गया। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि आईओडब्ल्यू को निलंबित कर जांच की जा रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि डंपर चालक माखन निवासी गांव बैरई थाना कालपी जिला जालौन व सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह निवासी गांव सैदपुर जिला जालौन को रेलवे एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है।

सुविधा सहायता के लिए डायल-112 मुख्यालय में बनाई गई पांच स्पेशल हेल्प डेस्क

पर्यटकों की भाषाई राह आसान करेगी डायल-112

विनय शुक्ला, लखनऊ

- तमिल, बंगाली, पंजाबी, उड़िया समेत अन्य भाषाओं के लोगों को मिलेगी राहत
- अयोध्या, लखनऊ समेत अन्य जगहों पर आने वाले पर्यटकों को मिलेगा फायदा

अमृत विचार : देश के कई हिस्सों से भारी संख्या में लोग प्रदेश के पर्यटन स्थलों की सैर करने आते हैं। कई बार पर्यटकों के समक्ष भाषाई संकट खड़ा हो जाता है। अपराधिक घटनाओं में तो भाषा की और दिक्कतें आती हैं। ऐसे में पुलिस कंट्रोल रूम यानि 112 पर मुख्यालय में बैठे कर्मियों को उनकी भाषा समझने और बोलने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों की भाषा समझने में दिक्कत न होने पाए इसे देखते हुए डायल-112 ने एक नई सेवा शुरू की है। नई सेवा के तहत देश के किसी भी शहर में रहने वाले कॉलर अपनी भाषा में पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर हर संभव मदद ले सकता है।

> रोजाना 50 से 100 कॉल औसतन अन्य भाषाओं में आती है। जिसे समझने के लिए काफी दिक्कतें आती हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से हर भाषा में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी और समस्या का हल निकाला जाएगा।
> -नीरा रावत, एडीजी, डायल-112 यूपी

हेल्प डेस्क सेवा की शुरुआत पहली बार

दरअसल, प्रदेश के शहरों और ग्रामीण अंचलों से डायल-112 मुख्यालय में हजारों कॉल आती हैं। अक्सर मदद मांगने के लिए ऐसी कॉल आती है कि उसकी भाषा समझ पाना मुख्यालय में बैठे कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो जाता है। खासतौर यह कॉल पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, हैदराबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों से जुड़ी होती है। कॉल रिसीव होने पर यह लोग अपनी भाषा में मदद की गुहार लगाते हैं। फोनकर्ता की समस्या समझने और उन्हें हर संभव मदद के लिए डायल-112 के मुख्यालय में पहली बार पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां बैठने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग भाषाओं का प्रशिक्षण दिया गया है।

वालंटियर को कॉल कांफ्रेंस कर निकाला जाएगा हल

डायल-112 के एडिशनल एसपी मोहिनी पाठक के मुताबिक, मुख्यालय में अलग-अलग भाषाओं से रही कॉल को समझने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। अब पांच हेल्प डेस्क के माध्यम से इस तरह की कॉल को स्पेशल हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। डेस्क पर कार्यरत कर्मचारी पीड़ितों की संभव मदद करेंगे।

समस्त जनपद वासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनायें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की ओर से

गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई

भोलेंद्र सिंह
अध्यक्ष एनएचएम
कानपुर देहात

रत्नेश बाजपेयी
जिला संयोजक/प्रदेश
कोषाध्यक्ष एनएचएम

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

इकबाल अली
(समाजसेवक), निवासी ग्राम सरवा रूरा,
जनपद कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

सबील खान
प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
अमराहट,
कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

अरविंद कुमार अमीन भोगनीपुर
तहसील, पुखरायां क्षेत्र,
मूसानगर कानपुर देहात,
मो.–9839927753

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

सैय्यद जमाल अहमद
ग्राम प्रधान
रमऊ,
कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

जमील मोहम्मद
प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
पिचौरा,
कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

संग्राम सिंह गौर
ग्राम प्रधान परौंख
विकासखंड डेरापुर,
जनपद कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनीता देवी
ग्राम प्रधान हरपुरा
बाबू सिंह पाल
प्रधान प्रतिनिधि हरपुरा

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

मुजफ्फर हुसैन
प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
स्वरूपपुर,
कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

गीता देवी
ग्राम प्रधान महुआ महोई
विकासखंड डेरापुर कानपुर देहात

हरनाथ सिंह
पंचायत सचिव
ग्राम महुआ महोई कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती रेखा देवी निषाद
ग्राम प्रधान,
ग्राम पंचायत हलिया
मूसानगर,
मो.–9305468492

राजेश कुमार यादव
ग्राम विकास अधिकारी
मो.–7080974542

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार
ग्राम प्रधान,
ग्राम पंचायत कृपालपुर
मूसानगर,
मो.–9696255157

राजेश कुमार यादव
ग्राम विकास अधिकारी
मो.–7080974542

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती रेनू यादव
प्रधान, प्रतिनिधि
विमल यादव समाजसेवी–सुखदेव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मित्रसेनपुर कहिंजरी,
विकासखंड रसूलाबाद
जनपद कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज कुमार निषाद
ग्राम प्रधान,
ग्राम पंचायत चपरेहटा
मूसानगर,
मो.–9724653693

राजेश कुमार यादव
ग्राम विकास अधिकारी
मो.–7080974542

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती निशा राठौर
ग्राम प्रधान

कृष्ण कुमार राठौर
प्रधान प्रतिनिधि

सुखदेव प्रसाद ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दहेली, विकासखंड रसूलाबाद
जनपद कानपुर देहात

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमोद कुमार
ग्राम प्रधान

कमलेश राणा
ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत घाघू विकासखंड
रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई

श्रीमती राधा द्विवेदी
ब्लाक प्रमुख रसूलाबाद
कानपुर देहात

किशन द्विवेदी
(छुन्नी द्विवेदी)
वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता
कानपुर देहात

धन प्राप्त यादव
खंड विकास अधिकारी
रसूलाबाद कानपुर देहात

गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई

डॉ. आदित्य सचान

उप मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद कानपुर देहात

आन, बान और शान से गगन में लहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने ली परेड की सलामी और पुलिस कर्मियों को सराहनीय कार्य पर दिए प्रशस्ति-पत्र

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जनपद में 75वां गणतंत्र दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने तिरंगा फहराया और इसके बाद स्कूल के बच्चों को मिठाई बांटी गई और वीर नारियों का सम्मान किया गया। इधर माती पुलिस लाइन में राज्यमंत्री ने परेड की सलामी ली। यहां उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसी तरह विकास भवन समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया और तमाम कार्यक्रम आयोजित किये गये।

गुरुवार को 75 वें गणतंत्र दिवस पर डीएम आलोक सिंह ने कलेक्ट्रेट भवन में तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने अमर बलिदानियों के परिवारी जन व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शॉल देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि हमारे अधिकारियों व कर्मचारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं एवं जो भी कर्तव्य है उनका वह निष्ठा पूर्वक और ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। एडीएम प्रशासन जेपी गुप्ता ने हमारी शान तिरंगा है गाकर सभी को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्त ने सभी को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने का संदेश दिया। नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने गीत गायन करते हुए देशभक्ति की भावना को जागृत किया। डीएम ने नवोदय विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर एडीएम न्यायिक अमित राठौर समेत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति परेड का निरीक्षण किया और संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ दिलाई। परेड की कमान परेड कमांडर क्षेत्राधिकारी लाइन प्रिया सिंह द्वारा की गई। परेड में थाना, पवन मोबाइल, मोटर साइकिल दस्ता, पीआरवी 112 दस्ता, स्पेशल टीम दस्ता ने शिरकत कर शौर्य का प्रदर्शन किया। राज्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों व सामाजिक सेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर प्रशंसा चिह्न व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। वहीं विकास भवन परिसर में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने तिरंगा फहराया और जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकमनाएं दी।

पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

- डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व बलिदानियों के परिवारीजनों को किया सम्मानित

बलिदानी के परिजन को सम्मानित करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

परेड कमांडर को प्रतीक चिह्न देतीं राज्यमंत्री व मौजूद एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन, अधिकारी और कर्मचारी।

रमऊ ग्राम प्रधान को दिल्ली में सम्मानित करते अतिथि।

ध्वजारोहण के बाद एसडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

रसूलाबाद में झंडा फहराते अधिवक्ता। अमृत विचार

राजपुर एसओ को सम्मानित करते एडीजी। अमृत विचार

रमऊ प्रधान का दिल्ली में हुआ सम्मान

राजपुर। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमऊ के ग्राम प्रधान सैय्यद को दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिससे ग्राम प्रधान सैय्यद को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड ग्राउंड में अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके द्वारा कराए गए कार्यों की केंद्र सरकार की ओर से सराहना की गई।

केंद्रीय विद्यालय में मार्च पास्ट करते स्काउट गाइड। अमृत विचार

रसूलाबाद में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

रसूलाबाद। क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। रसूलाबाद तहसील परिसर में एसडीएम नीलिमा यादव ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस को मनाया। वहीं कोतवाली रसूलाबाद में सीओ देवेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी समेत पुलिस कर्मियों ने गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया। विधानसभा कार्यालय में भाजपा विधायक पूनम शंखवार ने कार्यकर्ताओं के साथ झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस को मनाया। नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने झंडा फहराकर तिरंगे को नमन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल समेत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह से बार एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने अधिवक्ताओं के साथ में झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस को मनाया। वहीं रसूलाबाद के आजाद चौक और सुभाष चौक पर भी झंडा फहराया गया। बीआरसी में भी झंडा फहराया कर गणतंत्र दिवस के पर्व को मनाया गया।

- विधायक पूनम शंखवार ने किया झंडारोहण

केंद्रीय विद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कानपुर देहात। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय माती में सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्काउट एवं गाइड बच्चों ने मुख्य अतिथि प्राचार्य एएच अंसारी व विशिष्ट अतिथि शबाना परवीन के स्वागत के साथ किया। ध्वजारोहण के बाद छात्र छात्राओं ने झंडा गीत, समूह गीत, भाषण समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक हिमांशु मीणा ने गणतंत्र दिवस के विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियिगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगीत शिक्षिका स्नेहलता झा, प्रगति प्रेरणा, स्मिता बाजपेई, प्रज्ञा भास्कर, राजकुमार, ज्योति आदि मौजूद रहे।

शिवली कोतवाल व राजपुर एसओ को मिले मेडल

राजपुर/शिवली। जनता के बीच रहकर सराहनीय कार्य करने को लेकर राजपुर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा को डीजीपी के सराहनीय सेवा चिह्न व सिल्वर मेडल से एडीजी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जनता की सेवा करना ही उनका धर्म है। पूर्व में वह डेरापुर, मंगलपुर, सिकंदरा में रह चुके हैं। इसी तरह शिवली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर शिव नारायण सिंह को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पुलिस लाइन में पदक देकर सम्मानित किया। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के मुताबिक गृह मंत्रालय ने पुलिस बलों के लिए व्यावसायिकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अति उत्कृष्ट सेवा पदक की शुरुआत की है।

औद्योगिक इकाइयों व स्कूलों में भी मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

संवाददाता रनियां

अमृत विचार। नगर पंचायत कार्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। अधिशाषी अधिकारी शालिनी त्रिपाठी ने नगर पंचायत अध्यक्ष बिटान दिवाकर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

सभासदों की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। इसके बाद लड्डू वितरित किए गए। इस मौके पर समाजसेवी विष्णु गुप्ता, लिपिक दिव्यम चतुर्वेदी, राम किशोर दिवाकर, अमर सिंह पाल, सुरेश सक्सेना, जगदीश शर्मा, अंकित गुप्ता, मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे। इसी तरह रनियां के विसायकपुर स्थित सेंगर रिसार्ट में योग गुरु विनोद शुक्ला ने 50 युवाओं व महिलाओं को योग कराया और झंडारोहण माला सिंह ने किया। इस मौके पर रिसॉर्ट संचालक भाजपा नेता अंशू तिवारी, पप्पू चंदेल, संतोष सिंह, शिव गोपाल चंदेल, जगत नारायण शुक्ला, दिग्विजय सिंह आदि मौजूद रहे। करबक स्थित मां फूलमती शिशु शिक्षा निकेतन में गजराज विश्वकर्मा ने झंडारोहण किया। प्रबंधक राकेश विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान अजीत यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनीष कमल, प्रधान संजय पांडेय मौजूद रहे। क्षेत्रीय इंटर कॉलेज फतेहपुर रोशनाई में प्रबंधक श्रीश्रीकांत पांडेय ने झंडा फहराया।

संस्थापक सदस्य ओम प्रकाश सिंह सेंगर, छोटेलाल गुप्ता, मंगल सिंह भदौरिया, दिनेश सिंह चौहान, जय नारायण शुक्ला, ग्राम प्रधान रानी देवी, अनुराग चतुर्वेदी, विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा मौजूद रहे। रनियां स्थित कानपुर एडबिल्स फैक्ट्री में एमडी मनोज गुप्ता ने झंडारोहण किया। कस्बे में युवाओं ने विगत वर्षों की भांति तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह उर्फ पिंकू भइया, पूर्व प्रधान रनियां जीतू यादव, शिवम शुक्ला, मोनू अवस्थी, सत्यम शुक्ला, महेश त्रिवेदी, दीपक तिवारी, शैलेश यादव, तरुण शर्मा, अंकित सिंह, अजय सिंह, हीरू सिंह आदि मौजूद रहे। रनियां के किशरवल रोड स्थित स्वामी विवेकानंद जूनियर स्कूल में संरक्षक उदय नारायण द्विवेदी ने झंडा रोहण किया। प्रबंधक सुरेश त्रिपाठी ने जानकारी दी। इस दौरान एस दयाल, राजकुमार शर्मा, अजय द्विवेदी, अनिल त्रिवेदी, शुभम सिंह, रोहित त्रिपाठी मौजूद रहे। परसौली स्थित अजय मोटर्स में संचालक अजय यादव ने झंडारोहण किया। संरक्षक प्रताप सिंह यादव ने लोगों को लड्डू बांटे। वहीं उमरन स्थित शंभू पेट्रोकेम में फैक्ट्री के मैनेजर केपी मिश्रा ने झंडा फहराया। एग्मोटेक्स फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड में राजीव शर्मा ने झंडा फहराया। इस दौरान रोहित बृजपुरिया, मैनेजर इंद्रवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

रनियां स्थित आरएस एजुकेशन सेंटर में संरक्षक विजय नारायण सिंह ने झंडा फहराया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार द्विवेदी, श्यामसुंदर यादव, रितु पाल आदि मौजूद रहे। सूरजपुर स्थित राजाराम सिंह इंटर कॉलेज में श्याम सिंह भदौरिया ने झंडा फहराया। प्रधानाचार्य बृजेश सिंह चौहान ने मिष्ठान वितरित किया। खानचंद्रपुर स्थित अपने आवास पर केंद्रीय मानवाधिकार संगठन के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने झंडा फहराया और मिठाई वितरित की।

नगर पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करतीं ईओ शालिनी त्रिपाठी। अमृत विचार

प्रभात फेरी निकालते सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व अन्य।

भाजपाइयों ने अकबरपुर में निकाली प्रभात फेरी

कानपुर देहात। गणतंत्र दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय माती में जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला के नेतृत्व में झंडा फहराया गया। इसके बाद अयोध्यापुरी मैदान से अकबरपुर पुल के नीचे तक तिरंगे झंडे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। ढोल नगाड़ों के साथ सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष, व डॉक्टर सतीश शुक्ला के नेतृत्व में पैदल प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान जितेंद्र सिंह गुड्डन, रामजी मिश्रा, सुनील शर्मा, दीपू मिश्रा, शिव विलास मिश्रा, तन्नू शंखवार, सत्यम सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, श्यामू शुक्ला आदि मौजूद रहे। वहीं शि वली नगर पंचायत कार्यालय में गांधी जी प्रतिमा पर चेयरमैन अवधेश शुक्ला ने माल्यार्पण किया।

ट्यूबवेल पर लेटे किसान की ईंट-पत्थर से कूंचकर हत्या

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के कुरियन पुरवा गांव में ट्यूबवेल पर लेटे किसान की ईंट-पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंचे एएसपी, सीओ, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने छानबीन की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

भिखनापुर निवासी किसान रामप्रकाश उर्फ मंगली (60) भिखनापुर निवासी रामकृष्ण बिहारी के खेत बटाई पर लिए था। गुरुवार की रात वह खेत की रखवाली के लिए ट्यूबवेल पर गया था। रात में अज्ञात हमलावरों ने रामप्रकाश की ईंट-पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह जब पड़ोसी खेत के युवक ने ट्यूबवेल पर बने कमरे में झांक कर देखा तो रामप्रकाश का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसने तत्काल सूचना परिजनों को दी। परिजनों की सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय, डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने मौके पर छानबीन की। खोजी कुत्ता खेतों में आसपास घूम कर वापस आ गया। जनकारी पर मृतक की पत्नी केशा, बेटा संजू, मिथुन, शैलेंद्र समेत अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। थाना प्रभारी अजय कुमार पाठक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

बेरहमी से कुचला सिर और चेहरा

टयूबवेल पर लेटे किसान की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम में मृतक के सिर व चेहरे को बेरहमी से कुचला पाया गया है। साथ ही गले की हड्डी भी टूटी मिली है। सीने पर किसी भारी वस्तु से चोट की गई है। मौत का कारण अधिक खून बहना बताया गया है।

नहर में डूबने से मानसिक विक्षिप्त युवक की हुई मौत

शिवली। शौच के लिए गया एक मानसिक विक्षिप्त रामगंगा नहर में डूब गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली शिवली के भऊवापूरवा गांव निवासी प्रदीप कुमार (24) शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे नहर की तरफ शौच के लिए गया था। काफी देर तक वह वापस नहीं आया। जिसपर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। इसपर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गोताखोर बुलाकर प्रदीप की तलाश कराई। करीब चार घंटे बाद पौने एक किलोमीटर दूर रामगंगा नहर में शव उतराता मिला। परिजनों ने मृतक के मानसिक रूप से बीमार होने की बात कही है। इंस्पेक्टर शिवनारायण सिंह ने बताया की परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था। इसपर पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

खेल के मैदान से

अंकों के आधार पर ओवरऑल विजेता कानपुर नगर व ओवरऑल उपविजेता कानपुर देहात की टीम रही

मुक्केबाजी में श्याम, प्रांजल व कार्तिक ने जीता स्वर्ण पदक

संवाददाता रनियां, फतेहपुर

अमृत विचार। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रनियां स्थित देवेंद्र प्रताप डिफेंस एकेडमी में प्रथम मंडलीय पुरुष एवं महिला वर्ग मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर देहात जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं इंडियन स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अंकों के आधार पर ओवरऑल विजेता कानपुर नगर जिला टीम एवं ओवरऑल उपविजेता कानपुर देहात जिला टीम घोषित की गई।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि हरदीप सिंह राखरा एवं विशिष्ट अतिथि आईआईए सदस्य रोहित भोजपुरिया व लघु उद्योग भारतीय सदस्य अनुराग मालवी ने संयुक्त रूप में बॉक्सिंग रिंग में प्रवेश कर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि उक्त मुक्केबाजी प्रतियोगिता जनपद में पहली बार आयोजित कराई गई है।

प्रतियोगिता के अंतिम चरण में खेले गए फाइनल मुकाबले के दौरान सीनियर बालक वर्ग में कानपुर के श्याम सिंह ने 48 किलो भार वर्ग, प्रांजल अहिरवार ने 63 किलो भार वर्ग व कार्तिक ने 82 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस मौके पर आईएसपीईएफ के संस्थापक अध्यक्ष अश्वनी दीक्षित, संरक्षक डॉ आशीष मिश्रा, रोटरी क्लब कानपुर मेट्रो के अध्यक्ष रोटेरियन सीजी जैन, रोटरी एलिट के अध्यक्ष प्रीति बग्गा, सचिन, शुभम अग्रवाल, रोटरी क्लब कानपुर त्रिमूर्ति के रोटेरियन देवेंद्र सिंह, रोटेरियन सतीश गुप्ता, मन्नू भाटिया, नाथूराम, रणजीत सिंह, मुक्केबाजी संघ के कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव उदय पाल, आकाश गुप्ता, आदित्य द्विवेदी, अनुराग वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता, शिव बाबू गुप्ता, गौरव राजपूत, अंकित गुप्ता, भगवानदीन, नरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

मुक्केबाजी करते प्रतिभागी। अमृत विचार

विजेता को पुरस्कृत करते एडीएम न्यायिक अमित राठौर। अमृत विचार

एथलेटिक्सः फर्राटा दौड़ नौसाद ने मारी बाजी

कानपुर देहात। खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय में साइकिल रेस का उद्घाटन डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने हरी झंडी दिखा कर किया। एथलेटिक्स (बालक वर्ग) सौ वर्ग मीटर में नौसाद प्रथम, प्रियांशू पाल द्वीतीय व अमन तृतीय रहे। साइकिल रेस पुरुष वर्ग में हर्षित यादव, विनीत कुमार, सुजीत कुमार, गौरव सिंह, माधवेंद्र मिश्रा, नरेंद्र सिंह व साइकिल रेस महिला वर्ग में दीक्षा, दिव्याशी, लक्ष्मी, पारुल कुशवाहा, हिमांशी साहू, साक्षी अव्वल रहे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन कबड्डी, एथलेटिक्स वॉलीबॉल, खो-खो व साइकिल रेस प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेताओं को एडीएम न्यायिक अमित राठौर ने पुरस्कृत करके किया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दीकी की देखरेख में किया गया। इसमें निर्णायक की भूमिका में ज्योती गुप्ता, रंजय यादव, विजय गुप्ता, आशीष, राघवेंद्र मिश्रा, माधवेंद्र व अलका दोहरे रहे।

समस्त जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद गौतम
वरिष्ठ भाजपा नेता
फतेहपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

खुशाल अहमद
(पत्रकार) समाज सेवी
निवासी हकीमपुर खंतवा

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

तिपाठी बिक्र फील्ड
राजकुमार तिवारी
उर्फ फूलन तिवारी
फतेहपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

सनोज कुमार
ग्राम प्रधान ,बुढ़वा
प्रधान संघ कोषाध्यक्ष
विकास खण्ड अमौली
फतेहपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

मोहित सोनी
अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, भाजपा
अमोली फतेहपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

पूर्णाकता शरश चिकित्सालय

डा. सुकीर्ति गुप्ता
(बीएससी, बीएमएस, डीएचईएन)
(स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास,
बाईपास रोड ,जहानाबाद, फतेहपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

कुमार खाद भण्डार

प्रो. ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी
खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयां
एवं पशु आहार के थोक
व फुटकर विक्रेता

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

बिरेंद्र लोधी
निवासी- ग्राम पंचायत नवहैया
विकास खंड हथगाव,
फतेहपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

आशू सिंह
सड़क बनाओ संघर्ष समिति
सह संयोजक
निवासी- नरैनी विजयीपुर
फतेहपुर

समस्त जनपद वासियों को

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

रेखा कामता सोनी
नगर पंचायत अध्यक्ष
बहुआ (गहना ज्वैलर्स), फतेहपुर

कामता सोनी
चेयर मैन प्रतिनिधि

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

जयदेव सिंह गौतम
अध्यक्ष

मृदुल तिवारी
सचिव

क्षेत्रीय सहकारी समिति असोथर,फतेहपुर

पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेतीं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

विद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

शान से लहराया तिरंगा, फिजा में गूंजा भारत माता का जयघोष

देशभक्ति के जज्बे के साथ धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस,कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण, लाइन में हुई परेड

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम एवं एसपी की भी रहीं मौजूदगी
- पुलिस लाइन के मैदान में लोगों में दिखा उत्साह

अमृत विचार। जिले में 75वां गणतंत्र दिवस का पर्व शुक्रवार को बड़े ही उल्लास, उमंग, उत्साह, स्फूर्ति एवं राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत होकर मनाया गया। शासकीय, अर्द्ध शासकीय भवनों, शिक्षण संस्थाओं आदि पर ध्वजारोहण हुआ और राष्ट्रगान एवं संविधान में लिखित गणतंत्र की शपथ दिलाई गई। डीएम सी. इंदुमती ने कैम्प कार्यालय, कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर सलामी ली और शपथ दिलाई। उसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में विचार गोष्ठी हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आजाद भारत के रूप में 75 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, हमारा देश पूरी दुनिया में आज एक परिपक्व राष्ट्र के रूप में भूमिका निभा रहा है। इस राष्ट्रीय पर्व को पूरा देश मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू किया गया था। इसी के तहत नीति नियम को बना कर धरातल पर लागू करने का आधार है संविधान, इसलिए हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। जिसमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के विषय में भी संविधान याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि संविधान में निहित प्रावधानों के तहत बिना भेद भाव के साथ लोगों का कार्य किया जाय तभी भारत वर्ष विकसित राष्ट्र बन सकता है।

महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते क्षेत्रीय वन अधिकारी व कर्मचारी।

शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

जिलाधिकारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में शहीद स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित का नमन किया। वहीं युद्ध में शहीदों के परिजनों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया और कहा कि आप सब लोगों का कार्य करना हमारा कर्तव्य है क्योंकि आप सबने देश की रक्षा के लिए अपने जिंदगी भी दांव पर लगा दी है।

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने ली परेड की सलामी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। 75वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी ली। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नागरिकों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई और परेड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने केन्द्रीय राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हम लोग आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर रहे हैं। आने वाले गणतंत्र दिवस को हम लोग अमृतकाल में मनाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित करना एक पुनीत कार्य है, जिसका सम्मान किया गया उससे हमें प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अच्छे कार्य करना। देश की आजादी में हमारे जवानों का अतुल्यनीय योगदान है, देश को आजाद कराने में फतेहपुर के बलिदानियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हम सबको एकजुट होकर कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा अपनी उपलब्धियों की एक झलक दिखाई साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अपर उप जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारिओं में निचली गंगा से अधिक्षण अभियन्ता,नलकूप खण्ड से अधिक्षण अभियन्ता,खाद्य एंव विपरण अधिकारी,क्षेत्रीयवन अधिकारी आदि लोगों ने भी झण्डा रोहण कर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाया।

महर्षि विद्या मंदिर में दिखी संस्कृति की झलक

फतेहपुर। शहर के महर्षि विद्या मन्दिर में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने संविधान में लिखित संकल्प को भी दोहरवाया। उन्होंने कहा कि भारत विविध भाषा संस्कृतियों और परंपराओं का देश होकर भी एकता और अखण्डता का सन्देश सदियों से दे रहा है। भारत पृथ्वी पर ही नहीं चांद पर भी अपनी चमक छोड़ रहा है। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अर्जुन सिंह ने कहा कि देश नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कहा कि हमें संविधान में लिखित अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते सीपीएस के छात्र। अमृत विचार

देशभक्ति जज्बे के साथ बच्चों ने मचाया धमाल

फतेहपुर। चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बिंदकी में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अनिल कुमार यादव, तहसीलदार अखिलेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी निरुपमा प्रताप, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव आदि रहे। समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया। प्रधानाचार्य नितिन त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

झांकियों ने मोह लिया मन

खागा। गणतंत्र दिवस पर खखरेरु नगर के क्षेत्रीय विद्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी कार्यालय में झंडारोहण किया गया। इस बीच तिरंगा फहराने के साथ विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियां नगर पंचायत खखरेरू में निकाली गई। नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस आदि झांकियां तथा थाना अध्यक्ष ने पब्लिक नेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा सलामी भी दी गई। पंडित जवाहरलाल इंटर कॉलेज खखरेरू, आदर्श बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल खखरेरू, विद्यालय सितलूपुर सरस्वती ज्ञान मंदिर खखरेरू में नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियां।

अतिथियों को पुरस्कार वितरित करते विधायक राजेंद्र सिंह पटेल।

भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा...

फतेहपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिंदकी में बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम से लोगों को ओतप्रोत कर दिया। अध्यक्ष अशोक मिश्र विभाग संचालक ने ध्वजारोहण किया। जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, एसडीएम बिंदकी अनिल कुमार यादव, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, बिंदकी नगर पालिका चेयरपर्सन राधा साहू, प्रधानाचार्य बलराम सिंह तथा बाल कल्याण समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। विधायक राजेंद्र पटेल ने अमर शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। एसडीएम ने देश को आजादी दिलाने वाले क्रांतिकारियों को याद किया। भैया बहनों ने भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा समेत अन्य तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

बावनी इमली में शहीदों को किया गया नमन

फतेहपुर। बिंदकी तहसील क्षेत्र के शहीद स्मारक बावनी इमली में ध्वजारोहण किया गया। एसडीएम अनिल कुमार यादव, डीएसपी सुशील कुमार द्विवेदी सहित सैकड़ों लोगों ने शहीदों को नमन किया। इसी तरह नगर पालिका परिषद बिंदकी में चेयरपर्सन राधा साहू, सीएचसी में अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, बिंदकी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक ने ध्वजारोहण किया। समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र उर्फ मोना ओमर ने अपने प्रतिष्ठान में ध्वजारोहण किया। ऐसे ही जीजीआईसी, नेहरू इंटर कालेज, दयानंद इंटर कॉलेज, मां शारदा डिग्री कॉलेज, अभय प्रताप विद्यालय में ध्वजारोहण हुआ।

बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

जाफरगंज। गणतंत्र दिवस पर विद्यालयों में छात्रों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। भारत माता के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीतों के साथ बड़े ही धूमधाम से आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को मनाया गया। वहीं बुद्ध राज सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डांडा अमौली में गुलाब सिंह कछवाह ने ध्वजारोहण किया। सर्वोदय इंटर कॉलेज कसियापुर में प्रबंधक कृष्ण वर्मा के द्वारा किया गया।

पंचायत कार्यालय में रही गणतंत्र दिवस की धूम

धाता। थाना प्रभारी वृंदावन राय ने ध्वजारोहण कर सलामी दिया। पुलिस कर्मियों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई। नगर पंचायत कार्यालय में भी अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी एवं नगर अध्यक्षा रेखा सरोज ने झंडा फहरा कर तिरंगे को सलामी दिया। अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज, जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ. बाबूलाल सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण करते अतिथि। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने मचाई धूम

फतेहपुर। शहर के सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल एवं हेडमास्टर सीजो वर्गीज द्वारा झंडारोहण किया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर धूम मचाई गई। विद्यालय प्रबंधक रंजना सिंह एवं रिचा सिंह द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। स्कूल की कोऑर्डिनेटर प्रीति सिंह, शबनम मोईन, तनुश्री, अखिलेश कुमार दीक्षित एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति का स्वागत करते प्रबंधक। अमृत विचार

हम हैं भारत के फौजी पर बच्चों ने मचाया धमाल

फतेहपुर। शहर के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, अमित तिवारी ब्लॉक प्रमुख भिटौरा, पुत्तन मिश्रा, कुलदीप सिंह भदौरिया आदि की मौजूदगी में प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राम आएंगे जरूर, हम है भारत के फौजी समेत अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय जनपद में ही नहीं प्रदेश में श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थानों में से एक है।

बच्चों ने दिखाई कला प्रतिभा

बहुआ। कस्बे के शेंट वियन इंटर कॉलेज स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तो मौजूद लोगों ने तालियां बजाने को मजबूर हो गए। प्रबंधक आरके सिंह ने बच्चों को दिवस के बारे में जानकारी दी। इसी तरह से सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि बहुआ नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा नेता कामता सोनी ने शहीदों को नमन किया। कॉलेज में बड़े धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

संबोधित करते वक्ता।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल, बजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। पक्का तालाब स्थित ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में वार्षिकोत्सव परवाज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अजीजुर्रमान सिद्दीकी आजाद ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अबुल कलाम की तरह बनना है तो उनकी जीवनी पढ़ें। घर से शुरू हुआ ब्रिलियंट ओरियंयल स्कूल अब बड़ा आकार ले चुका है। बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया। मुख्य अतिथि का स्वागत चेयरमैन वासिफ हुसैन, आसिफ हुसैन, अहमद उमैर, वकील अहमद. सूफिया, नावेद अहमद, अर्शिया, दरख्शां, शबनम, शगुफ्ता, शबीना ने शाल व मोमेंटो देकर किया। गेस्ट आफ आनर महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी का स्वागत वासिफ हुसैन, अहमद उमैर, आसिफ हुसैन, शकील सिद्दीकी, ताहिर हुसैन का स्वागत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हें-मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

बाड़े से 70 भेड़ें चोरी

बिंदकी। कोतवाली क्षेत्र के भेउली गांव निवासी गया प्रसाद भेड़पालन का काम करता है। शुक्रवार की देर शाम वह अपनी 70 भेड़ों को चारा खिलाकर बाड़े में बंद कर घर आ गया था। शनिवार की सुबह जब वह बाड़े में गया तो दरवाजे खुले थे और अंदर जाकर देखा तो पूरी भेड़े गायब थी। घटना की जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी। प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि भेड़ों की तलाश की जा रही है।

छत के ऊपर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से महिला की मौत

संवाददाता जाफरगंज, फतेहपुर

- छत के पास से गुजरा है हाईटेंशन तार
- कपड़े फैलाते समय हुई दर्दनाक घटना

अमृत विचार। छत पर कपड़े डालते समय एक महिला छत के ऊपर से निकले हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई और वह गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर घर में मचा कोहराम।

थाना क्षेत्र के निबहरा गांव निवासी राकेश की पत्नी संजय देवी (40) शुक्रवार दोपहर बाद छत पर कपड़े फैलाने गई थी। जहां पर छत के पास से ही हाईटेंशन लाइन के तार गुजरे हुए हैं। कपड़े फैलाते समय महिला तार की चपेट में आकर करंट से झुलस गई। जानकारी मिलते ही परिजन उसे सीएचसी बिंदकी लेकर पहुंचे , जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के देवर वीरेंद्र ने बताया कि एक वर्ष से बिजली का पोल टूटा हुआ है। शौचालय में टेक के सहारे बिजली का पोल खड़ा हुआ है। जिसके चलते तार उनकी छत के पास है। इसकी जानकारी विभाग को कई बार दी जा चुकी है लेकिन विभाग के कान में जूं नहीं रेंगी।

पोस्टमार्टम हाउस में खड़े गुमसुम परिजन। अमृत विचार

पति से नाराज महिला ने लगाई फांसी

फतेहपुर। एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के ससुर ने बताया कि घर पर कोई नहीं था। तभी बहू ने फांसी लगाकर जान दे दी। बेटा अहमदाबाद में नौकरी करता है और बहू साथ रहने की बात जिद करती थी। असोथर थाना क्षेत्र के बुधरामऊ गांव के रहने वाले अमित गुप्ता की पत्नी सरिता देवी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ससुर जब घर आए तो बहू का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। ससुर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ससुर बड़कू ने बताया कि रात में घर पर कोई नहीं था। जब वह घर पहुंचा तो बहू का शव फांसी पर लटका हुआ था। शादी के नौ साल हो रहे हैं। बेटा अहमदाबाद में एक फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करता है। बहू भी साथ में रहने की जिद करती थी। बेटे ने कहा था कि घर खाली हो जाएगा। वहां पर खर्च भी अधिक बढ़ जाएगा। उसी बात को लेकर बहू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

मांग

गाजीपुर से विजयीपुर तक 34 किमी की जर्जर सड़क बनवाने की मांग, कहा-अगर रोड नहीं बनीं तो वोट का होगा बहिष्कार

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को खून से लिखकर भेजा खत

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। यमुना कटरी के गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। इसको बनवाने की मांग को लेकर सड़क संघर्ष समिति के संयोजक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खून से खत लिखकर मुख्यमंत्री के नाम भेजा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वोट का बहिष्कार किया जाएगा।

सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद दीक्षित के नेतृत्व में ग्रामीणों ने असोथर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के पास बैठककर 34 किलोमीटर गाजीपुर से विजयीपुर सड़क मार्ग को बनावने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम खून से खत लिखकर भेजा है। सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि फतेहपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली यमुना कटरी क्षेत्र की 34 किलोमीटर मुख्य सड़क गाजीपुर से विजयीपुर मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया है। इस मार्ग पर वर्तमान समय में वाहन तो दूर की बात पैदल चलना मौत को दावत देने के बराबर है। यह मार्ग यमुना कटरी के करीब 300 गांव को जोड़ती है। इससे लगभग ढाई लाख ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। हम लोगों ने सड़क मार्ग को बनवाने के लिए 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 में सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। आंदोलन के दौरान क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, अधिकारियों ने सड़क मार्ग को एक माह के अंदर काम शुरू कराने का वादा करते हुए आंदोलन को खत्म करा दिया था। उसके बाद से कोई भी इस ओर देखने तक नहीं आया। ग्रामीणों ने खून से खत लिखकर मुख्यमंत्री को भेजते हुए सड़क मार्ग को बनवाने की मांग की है। अगर लोकसभा चुनाव के पहले इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार इस क्षेत्र के ग्रामीण करेंगे। खून से खत लिखने वाले लोगों में सुमेर सिंह, सत्यदेव पांडये, रावेंद्र सिंह, संजय सक्सेना, बूंदी द्विवेदी, प्रदीप दीक्षित, राम सजीवन रहे।

खून से लिखा खत दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

कोहरे ने बढ़ाई मुसीबत गलन नहीं हो रही कम

धूप निकलने पर दिखी चहल-पहल ,सर्दी में प्रभावित हो रहा जनजीवन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गलनभरी सर्दी से जन जीवन बेहाल है। कड़ाके की सर्दी के साथ कोहरे ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। जिससे ट्रेनों एवं वाहनों के स्पीड में व्यवधान रहा। गलन भरी सर्दी में लोग ठिठुरते रहे। दोपहर बाद निकली धूप ने लोगों को सर्दी से राहत दे सकी। धूप निकलते ही सड़कों पर चहल पहल दिखने लगी और बाहर निकल कर अपने अपने काम निपटाये।

जनपद में सर्द हुआ मौसम लोगों की मुसीबत का सबब बना है। शनिवार को भी सुबह घना कोहरा रहा। रात में पारा पांच डिग्री पर पहुंचने से बढ़ी गलन से लोगों के साथ पशु पक्षी बेहाल रहे। सुबह से ही लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ा। गलन के चलते सुबह जल्दी घने कोहरे के कारण वाहन रेंगते हुए चल रहे थे। आसमान में छाई धुंध व कड़ाके की सर्दी के बीच काम से निकले लोग बेहाल दिखे।

कस्बों में दुकानों के बाहर लोग आग जलाकर हाथ सेंकते दिखे। गर्म कपड़ों के पहने होने के बावजूद लोग ठंडी हवा में कांपते दिखे। दोपहर बाद धूप निकलने पर लोग घरों के बाहर आकर गुनगुनी धूप का आंनद लेते दिखे। लेकिन दो किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही ठंडी उत्तर पश्चिमी हवा दो पहिया वाहन चालकों को बेहाल किए रही। धूप का असर कुछ ठीक रहने से लोगों को काफी राहत मिली। हालांकि शाम होते ही सर्दी ने फिर जोर पकड़ लिया।

घने कोहरे के बीच दिन में लाइट जलाकर निकलता वाहन । अमृत विचार

धूप निकलते ही बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

दोपहर में मौसम साफ होने व धूप निकलने के बाद बाजारों में चहल पहल बढ़ गई। बाजार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सब्जी के साथ ही घर के जरूरी सामान की खरीददारी की। काफी दिनों बाद बाजार में रौनक नजर आई। इतना ही नहीं गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए महिलाएं दुकानों में भीड़ लगाए दिखीं।

अभी कोहरे से निजात नहीं

मौसम विज्ञानी की मानें तो अभी सर्दी बढ़ने तथा सुबह शाम व रात में घना कोहरा रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शीतलहर बढ़ने से पाले की संभावना है। इससे फसलों को बचाने के लिए हल्की सिंचाई करने तथा एक हजार लीटर पानी में एक लीटर सल्फ्यूरिक एसिड के घोल का छिड़काव करने की भी सलाह दी।

लोकतांत्रिक जनबंधन प्रदेश में करेंगी जनपंचायतें : उत्तम

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का शनिवार को नगर आगमन हुआ। उन्होंने केंद्र व प्रदेश की सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहाकि आने वाले समय में पीडीए पूरे प्रदेश में जन पंचायतों का आयोजन कर जागरूक करेगी।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मुगल रोड स्थित एक प्रतिष्ठान में मीडिया के समक्ष कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जो कहती है, उसको कभी पूरा ही नहीं किया है। देश के प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में कहा था कि देश में 90 दिनों के अंदर महंगाई कम कर दी जाएगा। लेकिन 90 महीने हो गए, महंगाई तो कम नहीं हुई बल्कि इस कदर बढ़ी है कि आमजनमानस पूरी तरह परेशान हो गया है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक जनबंधन पखवाड़ा आयोजित कर जनपंचायत का अभियान चलाएगी। जिसमें लोगों को जागरूक कर सरकार के झूठ का उजागर किया जाएगा। इस मौके पर महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, पंकज यादव, हर्ष गुप्ता, रवि गुप्ता, जालिम सिंह, राजू कुर्मी, नरेंद्र देव मिश्र, मुकेश पटेल, राहुल गुप्ता, फरहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल। अमृत विचार

जनसभा को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह जैकी। अमृत विचार

● बिंदकी आए सपा प्रदेश अध्यक्ष मीडिया से हुए रूबरू भाजपा पर साधा निशाना

अपना दल की जनसभा में पहुंचने का किया आह्वान

संवाददाता, धाता फतेहपुर

अमृत विचार। विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने धाता में एक जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने आह्वान किया कि आगामी चार फ़रवरी को फतेहपुर में अपना दल-एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आगमन पर सभी लोग पहुंचे।

उन्होंने कहा कि खागा विधानसभा के विभिन्न ग्राम सभाओं, नगर धाता, ग्राम अजरौली, जाम, कल्याणपुर कचरौली, सलेमपुर, टक्कीपुर, कठेरिया, टेनी आदि गांवों का भ्रमण कर विशाल जन सभा में शामिल होने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री ने अपना दल के संस्थापक स्व. सोनेलाल पटेल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कमेरा समाज के लिये जीवन पर्यंत् संघर्ष किया है। जनसभा में प्रदेश सचिव अजीत चांसलर, जिलाध्यक्ष अनिल उमराव, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला महासचिव रावेन्द्र प्रताप सिंह, सुशील सिंह, कुलदीप पटेल, शिव सिंह बाबा, विधान सभा अध्यक्ष अभय पटेल, पुष्पराज पटेल, क्षितिज राज सिंह, राहुल सोनी, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कोहरे के कारण वाहन ने युवक को रौंदा

संवाददाता औंग, फतेहपुर

● सड़क पार करते समय हुआ हादसा

अमृत विचार। कोहरे के कारण बेकाबू वाहन ने युवक को कुचल दिया और मौके से भाग गया। सड़क किनारे मृत पड़े युवक का शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार मोड़ ओवरब्रिज के पास सुबह सड़क पार करते समय एक युवक राम जी तिवारी निवासी हाजीपुर औंग को अज्ञात वाहन चालक ने कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ शव को देखकर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जेब में मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान हुई तो परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे मामा रज्जन द्विवेदी ने बताया कि भांजा अपने मौसी के घर गया था। वहीं से लौटते समय किसी वाहन ने कुचल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

नहर में डूबने से बच्चे की मौत, मचा कोहराम

किशनपुर। थाना क्षेत्र के सरौली गांव में शुक्रवार की देर शाम एक चार वर्षीय मासूम की नहर में डूबने से मौत हो गई। मासूम की मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी मंजीत सिंह शुक्रवार की खेतों पर काम कर रहे थे। उनके पत्नी भी खेतों की तरफ गई हुई थी। उसी दौरान उनका चार वर्षीय पुत्र शुभ घर में खेलते-खेलते नहर के किनारे पहुंच गया। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह नहर में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद पिता मंजीत सिंह घर पहुंचे तो बेटे को ना पाकर सोचा की शायद बेटा शुभ अपनी मां के साथ होगा। कुछ देर बाद पत्नी के वापस आने पर उसने बेटे के बारे में पूछा। जिसके बाद दोनों ने बेटे की तलाश शुरू की। देर रात करीब दस बजे नहर में बेटे का शव उतराता हुआ मिला। जिसे देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ देर बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। फिर बेटे का शव बाहर निकाला गया। वहीं मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. पंकज सिंह
एम.बी.बी.एस (फिजिशियन)
एम.बी.नेमोरियल क्लीनिक
मो.–9307195017
पता- पटेल नगर आई.टी.आई.रोड,फतेहपुर
मिलने का समय-प्रातः 10 से 2 तक, सांय -7 से 9 बजे तक

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड हसवा फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामबाबू कुशवाहा
ग्राम पंचायत अधिकारी
वि.ख. हसवां फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजत सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड हसवां,फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बृजेश श्रीवास्तव
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड हसवां,फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन शुक्ला
ग्राम प्रधान
ग्राम- बुधरामऊ विकास खण्ड हसवां,फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोशन
ग्राम प्रधान
मिर्जापुर,गाजीपुर, फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तर कुमार सविता
ग्राम प्रधान
गोकन,गाजीपुर, फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश पाण्डेय
भाजपा नेता
बहुआ,फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धन्नजय सिंह
ग्राम प्रधान
गम्हरी ,गाजीपुर फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामरूप
ग्राम प्रधान
सरकी,गाजीपुर फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द
ग्राम प्रधान
कुडवारी,गाजीपुर फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिदत्त
ग्राम प्रधान
बकरी,गाजीपुर फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मानू
ग्राम प्रधान
नहरस्वोर,गाजीपुर फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनीता देवी
ग्राम प्रधान
मर्दनपुर प्रधान गाजीपुर फतेहपुर

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामतीरथ
ग्राम प्रधान
सेवरामऊ,गाजीपुर फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश द्विवेदी
ग्राम प्रधान
डेण्डासई विकासखण्ड, धाता,फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज सिंह पटेल
ग्राम प्रधान
घरवासीपुर, विकासखण्ड, धाता,फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लोकनाथ पाल
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बरार, विकासखण्ड विजयीपुर, फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार त्रिवेदी
प्रधान
शिवदासपुर शंकरपुर, विकासखण्ड धाता,फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गयापाल
ग्राम प्रधान
शाहनगर व मंडल अध्यक्ष भाजपा
खखरेरू, फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार राव
थाना प्रभारी
खखरेरू,फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कुमार सिंह उर्फ मोनू भइया
सभासद
वार्ड नंबर 15 नगर पंचायत असोथर,फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद गौतम
वरिष्ठ भाजपा नेता
फतेहपुर

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
माँ शारदा इण्टर कॉलेज
अकिलाबाद,फतेहपुर
आपके क्षेत्र में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में सत प्रतिशत व सर्वोच्च रिजल्ट देने वाला एकमात्र विद्यालय
शिक्षा और अनुशासन चाहिए तो माँ शारदा इण्टर कॉलेज चाहिए
सत्र 2024 25 प्रवेश प्रारम्भ
हिंदी माध्यम कक्षा 6 से 12 तक
English Medium Class P.G. to
आपके परिवार के होनहार बहुआ क्षेत्र के गौरवशाली माँ शारदा इण्टर कॉलेज के प्रतिभावान छात्र व छात्राएं
इंटरमीडिएट गणित जीव विज्ञान से मान्यता प्राप्त
यू. पी. बोर्ड हाईस्कूल हुआ इंटरमीडिएट परीक्षा 2022 में 100% परीक्षार्थी उत्तीर्ण
अतः आपने भैया बहनों की अतशीघ्र प्रवेश दिलाये जिसमें उनकी कक्षाएं व्यवस्थित हुआ सुचारू रूप से चलाई जा सके
Mob. 9559933553, 7380627354

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक ओमर
श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स/अमौली कबाड़ सेंटर
लोहे व स्टील की रेलिंग, गेट, जीना, चौनल, ग्रिल, दरवाजा के थोक एवं फुटकर विक्रेता
मेला मैदान, अमौली फतेहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मलखान सिंह
प्रबंधक
रामकिशोर सिंह इंटर कालेज
बौंडर - असोथर (पीजी से पांच तक इंग्लिश मीडियम)
छाया इंटर कालेज
रिठ्वा - हसवा
शिवकुमार
प्रधानाचार्य , (एमए बीएड), मनोज कुमार(एमए बीएड)
मोबाइल नंबर - 9559590085

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवकुमारी
प्रधान
प्रकाश चन्द्र सोनकर (बन्नू सोनकर)
प्रधानपति
अमौली, विकास खण्ड -अमौली,फतेहपुर

कलक्ट्रेट में ध्वजारोहण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

डिप्टी एसपी डा. प्रियंका बाजपेई को सम्मानित करतीं प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी व एसपी अमित कुमार आनंद। अमृत विचार

रिजर्व पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस पर निकाली गई सलामी परेड।

आन-बान और शान से फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस पर सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर लहराया तिरंगा, हुए सांस्कृतिक आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर लहराया तिरंगा, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम
- प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी, पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

अमृत विचार। गणतंत्र दिवस पर जिले में सरकारी व गैर सरकारी भवनों और शिक्षण संस्थाओं पर शान से तिरंगा फहराया गया। हर जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए। देशभक्ति के विविध रंग देखने को मिले। वहीं, रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण के बाद सलामी परेड हुई। जिसमें जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने सलामी ली व उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

कलक्ट्रेट में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस कार्यालय में एसपी अमित कुमार आनंद ने ध्वजारोहण किया। सदर तहसील में एसडीएम अविनाश कुमार गौतम, विकास भवन में प्रभारी सीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में डीआईओएस डा. पूरन सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए उपासना रानी वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

सरकारी भवनों के अलावा जिले में सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक व देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, पुलिस कार्यालय से सर्किट हाउस तक क्रॉस कंट्री रेस का भी आयोजन किया गया।

डीएम ने बुजुर्गों का जाना हालचाल

कन्नौज। वृद्धाश्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रृष्टि अवस्थी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक जितेंद्र कुमार, सुलह अधिकारी राजेश कुमार कठेरिया व अंकित शुक्ला मौजूद रहे। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बुजुर्गों का हालचाल लिया। जिलाधिकारी ने वृद्धजनों को मिठाई वितरण की व वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। अमृत विचार

धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

तिर्वा, कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर के प्राधानाचार्य अनिल मिश्रा, प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्त, राजकीय मेडिकल कालेज में प्राचार्य डा. सीपी पाल, तहसील में उपजिलाधिकारी पवन कुमार मीणा, तहसीलदार अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सीओ डा. प्रियंका बाजपेई, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, पॉलिटेक्निक संस्थान में प्राचार्य इंजी. संतोष कुमार ने ध्वजारोहण किया। ब्लाक में ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, बिजली विभाग में एसडीओ कुलदीप राजपूत, सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राजन शर्मा, किसान इंटर कॉलेज में प्रबंधक ऋषि राजपूत, नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ उमेश सिंह, सौरभ गुप्ता और एसएसपी महाविद्यालय में प्रबंधक रामदास यादव ने ध्वजारोहण किया।

गांधी के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

छिबरामऊ, कन्नौज। आवास विकास कालोनी में गांधी प्रतिमा पर कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे, नगर अध्यक्ष बहार कुरैशी, पीसीसी सदस्य विजेंद्र सिंह फौजी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमोल दीक्षित, देवकीनंदन दुबे, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर मिश्रा, जिला महासचिव प्रियंका दुबे, अजय दुबे, आसाराम यादव, जिला महासचिव सौरव त्रिपाठी, जिला सचिव चंद्रभान सिंह, ब्लाक अध्यक्ष विकास मिश्रा व अभिषेक राजपूत ने माल्यार्पण किया और गांधी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय पर्व

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

गैस एजेंसी में गणतंत्र दिवस मनाते डा. पीके कटियार व कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली में इंस्पेक्टर जयप्रकाश शर्मा, नगर पालिका में ईओ मीनू सिंह, सरोजनी देवी आर्य इंटर कालेज में डा. मुकेश आर्य, आकाश एजूकेशन सेंटर में डा. आरके कटियार, गोमती देवी आदर्श इंटर कालेज में प्रबंधक विजय मिश्र, एबी गर्ल्स डिग्री कालेज में पूर्व विधायक जमालुददीन सिददीकी, एचएम डिग्री कालेज में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी, बीजेपी इंटर कालेज तेराजाकेट में अमित कुमार यादव, सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबंधक देवेंद्र देव, लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह आजाद नगर में डा. वाईपी सिंह, सिटी मांटेसरी स्कूल में प्रबंधक अरुण त्रिपाठी, आरडी मार्डन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक ललित मोहन सिंह, बीआरसी सराय प्रयाग में बीईओ रमेश चंद्र चौधरी, ब्लाक परिसर में बीडीओ मनोज कुमार, तालग्राम सीएचसी पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. कुमारिल मैत्रेय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील ने ध्वजारोहण किया। विभिन्न स्थानों पर पूर्व जि.पं. अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, सपा नेता अरशद जमाल सिददीकी, ईओ मीनू सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, डा. सुधीर दीक्षित, मुश्ताक अहमद भुटटो, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, ओबीसी महामंत्री विनय वर्मा, दीपक गुप्ता, उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल, डा. पीके कटियार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, अमन हास्पिटल में डा. ग्यास सिद्दीकी, शराफत हास्पिटल में डा. रिजवान अहमद, बाबा हास्पिटल में ध्यानेंद्र सिंह, कार्यालय पर भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, पंचायत सचिवालय पर प्रधान तेराजाकेट रामराज, पूर्व प्रधान हारून सिद्दीकी, समाजसेवी आसिफ जमाल पप्पी, नफीस खां, मकबूल अहमद ध्वजारोहण कर पुरस्कार व मिष्ठान वितरण किया।

भाकियू स्वराज जिलाध्यक्ष संदीप पाठक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

शहीद स्मारक पर किया ध्वजारोहण

छिबरामऊ। विशुनगढ थाना क्षेत्र के धरनीधीरपुर नगरिया में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने शहीद मनोज के स्मारक स्थल पर उसकी माता शारदा देवी, पिता अरविंद सिंह यादव व प्रधान गौरव यादव के साथ ध्वजारोहण किया। इस मौके पर कैप्टन जोगराज सिंह, सूबेदार राम करन, दिनेश चंद्र, विश्राम सिंह, अजय भान सिंह, रामविलास, दर्शन सिंह, राम शंकर, महावीर सिंह, जवाहर सिंह, ताहिर सिंह मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं भाजपा नेत्री गीता पाठक। अमृत विचार

जिला कारागार कर्मी सम्मानित

जलालाबाद/ जसोदा, कन्नौज। जिला कारागार अनौगी में जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। जिला कारागार में तैनात हेड जेल वार्डर कालीशंकर, अजीत कुमार, कुलदीप कुमार पांडेय, सुनील कुमार मिश्रा को अपर जिला जज लवली जायसवाल ने प्रशस्ति पत्र व चिह्न प्रदान किया। कारापाल विजय कुमार शुक्ला, सहायक अध्यापक मनोज कुमार कटियार, फार्मासिस्ट मान सिंह, हेड जेल वार्डर महेश कुमार, शिवचरन वर्मा, जेल वार्डर राहुल चौधरी, नवीन कुमार, इन्द्रमणि सिंह चौधरी, दीपांशु मलिक, संजीव कुमार, शिवेन्द्र सिंह यादव, शमसाद खां, रोहित मैसी, कपिल शर्मा, जेल वार्डर दीपक कुमार, जेल बार्डर कुलदीप कुमार पांडेय को भी प्रशंसा पत्र दिए गए। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य डा. एसके पांडेय, ब्लाक परिसर में बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, महामाया पॉलीटेक्निक में विभागाध्यक्ष उमेश चंद्र, बीडी तिवारी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र प्रसाद, डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में प्राचार्य प्रोफेसर डा. सुशील शाक्य, प्राथमिक विद्यालय द्वितीय जलालाबाद में भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक, सीएसची में एमओआईसी मनोज कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा, जसोदा में प्रधान प्रतिनिधि राकेश कठेरिया ने झंडा फहराया।

कर्मियों को शपथ दिलाते चेयरमैन मोहसिन खान। अमृत विचार

ध्वजारोहण कर दिलाई शपथ

तालग्राम, कन्नौज। नगर पंचायत तालग्राम में चेयरमैन मोहसिन खान (जानू) ने सभासद व पंचायत कर्मियों के साथ ध्वजारोहण किया। इसके बाद चेयरमैन ने कर्मियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर सभासद उमेश चंद्र, राजेश शर्मा, सचिन कुमार, राजा, नरेंद्र शाक्य, लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, नितेश सिंह, गोकरण सिंह, सर्वेश कुमार, हिमांशू, रवि शर्मा, आमिर, शिवम रहे।

कंबल बांटते डा. चंद्रकांत यादव। अमृत विचार

जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया

गुरसहायगंज। मिश्रापुर गांव में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. चंद्रकांत यादव ने ध्वजारोहण किया। जिलाध्यक्ष ने मां भारती के समक्ष सांकेतिक उपवास रखकर गरीब, निराश्रित, विधवा, बुजुर्गों को कंबल वितरण किए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष इरशाद अहमद, मो. फैसल, रामलखन, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

सफाई नायक को प्रशस्ति पत्र देतीं पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता। अमृत विचार

बेहतर कार्य के लिए पालिकाकर्मी सम्मानित

गुरसहायगंज। पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, प्रतिनिधि मयंक गुप्ता व अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने लिपिक अशोक शर्मा, निर्माण लिपिक जिलेदार सिंह, सफाई नायक राजन बाबू, अशोक कुमार, प्लंबर अमित राजपूत, गौरव राजपूत को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, सभासद धर्मेंद्र गुप्ता, शिवा गुप्ता, परमजीत, कपिल यादव, जीतू गुप्ता, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, जनार्दन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

सौरिख। आशा देवी बालिका इंटर कालेज व महाविद्यालय में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। कालेज की प्रधानाचार्य सरोज गुप्ता, आदित्य चौहान ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय में रमेश चंद्र गुप्ता, प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर नगर के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमी चौबे ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

ध्वजारोहण करते निदेशक दिनेश गुप्ता।

स्टेशन पर गंदगी देख भड़के एडीआरएम

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

अमृत विचार। एडीआरएम राजीव अग्रवाल ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

अमृत भारत योजना के तहत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य का एडीआरएम ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। पार्किंग परिसर में गंदगी व अनाधिकृत खड़े वाहनों को देखकर नाराजगी जताई। ठेकेदार को फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए। एडीआरएम ने कहा कि सुंदरीकरण कार्य से गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन की तस्वीर बदलेगी। इससे बड़ी गाड़ियों का ठहराव होने के साथ यात्रियों को आवागमन में आसानी होगी। निरीक्षण के दौरान पूर्व सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस, हरिओम गुप्ता ने डीआरएम को संबोधित ज्ञापन एडीआरएम को सौंपा। जिसमें प्लेटफार्म नंबर दो से निकास की मांग की गई। कहा कि सुंदरीकरण के दौरान निकास बंद हो गए हैं। प्लेटफार्म नंबर दो पर निकास व अतिरिक्त टिकट खिड़की की स्थापना कराई जाए। इस दौरान सीनियर विपिन यादव, एओएम रिकिता सिंह, सीनियर डीएसटी प्रवेश कुमार, सीनियर डीसीएम संजीव कुमार आदि रहे।

फुटबॉल ए टीम ने बी को दी शिकस्त

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- गणतंत्र दिवस पर जूनियर हॉकी व क्रास कंट्री दौड़ का भी हुआ आयोजन

अमृत विचार। जिला खेल कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय जूनियर फुटबाल व हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम सौरिख में हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

जूनियर फुटबाल में स्पोर्ट्स स्टेडियम ए और बी के बीच मैच हुआ। ए ने बी टीम को 5-1 से हराकर मैच अपने नाम किया। जूनियर हॉकी में स्पोर्ट्स स्टेडियम ए ने बी टीम को 5-2 से हराया। इसके अलावा पुरुष वर्ग में पांच किलोमीटर और महिला वर्ग में तीन किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन हुआ।

पुरुष वर्ग में मोहित पाल प्रथम, परवेंद्र कुमार द्वितीय, रंजीत पाल तृतीय, समीर प्रताप चतुर्थ, आदित्य कुमार पांचवें और आशीष पाल छठवें स्थान पर रहे।

महिला वर्ग में कंचन पहले, रुचि दूसरे, खुशबू, तीसरे, सेजल चौथे, निशा पांचवें और प्रीति छठवें स्थान पर रहीं। विजेताओं को मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता और जिला क्रीड़ा अधिकारी नूरहसन ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर लालू राजपूत, दीपू गुप्ता, लालू गुप्ता, हॉकी प्रशिक्षक अमित राजपूत आदि लोग रहे।

सद्भावना मैच में जेडी ब्लू विजेता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के तिर्वा रोड स्थित कमला शरण ग्राउंड पर चौथा सद्भावना मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें जेडी ब्लू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 223 रनों का लक्ष्य जेडी रेड की टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेडी रेड की टीम 20 ओवरों में 209 रन पर सिमट गई। रोमांचक मुकाबले को जेडी ब्लू ने 13 रनों से मैच जीत लिया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने जेडी ब्लू के कप्तान ब्रजेंद्र चौहान को विजेता ट्राफी व उप विजेता टीम के कप्तान छोटू चौहान को ट्राफी प्रदान की। इस दौरान नीरज मिश्रा, ध्यानेंद्र गुप्ता, छोटे ठाकुर, संजीव दुबे मुन्ना, विजय दुबे, शिवा गुप्ता, नीलेंद्र, मेहराज, नईम फारूखी, ओमी, दीपक गुप्ता, अभिमन्यु त्रिपाठी, नीलेश गुप्ता रहे।

विजेता टीम को ट्राफी देते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता। अमृत विचार

भाकियू ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय आवाहन पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके बाद उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस पर इस्मालपुर से नगर के पूर्वी बाईपास तक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके बाद उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा को सौंपा गया। इसमें अन्ना पशुओं की रोकथाम सहित नाली, चकरोड़, चरागाह से अवैध कब्जा हटाएं जाने की मांग की गई। जिला प्रवक्ता डा. आरके कटियार, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चैहान, मारूफ खान, मुईन अहमद, जीतू यादव, रिजवान अहमद, महेंद्र सिंह, साजिद खान, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार, सत्यम प्रजापति, उपेंद्र राजपूत, सुरेश सिंह यादव, अजेंद्र ठाकुर, अनवर खान, शकील हुसैन, दानिश खान, राजेश कुमार, कासिम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल जयप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी। अमृत विचार

बेकरी से लाखों की चोरी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए कारीगरों को उठा ले गई पुलिस

अमृत विचार। धमेकाताल गांव स्थित एक बेकरी से चोर अलमारी उठा ले गए। साढ़े पांच लाख रुपये पार करके चोर अलमारी खेत में फेंककर भाग गए। पुलिस ने शक के आधार पर तीन कारीगरों को पूछताछ के लिए साथ ले गई है।

अजीजलपुर गांव निवासी तनवीर ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के धमेकाताल में उनकी एक बिस्कुट बेकरी है और यहां कई कारीगर कार्य करते हैं। शुक्रवार शाम वह बेकरी में अपने नौ कारीगरों को छोड़कर कबीरपुर स्थित अपनी ससुराल गए थे। सुबह काम चालू होने के समय लगभग चार बजे बेकरी पहुंचे और वहां रखी अलमारी न पाकर घबरा गए। पूछताछ करने पर किसी भी कारीगर को जानकारी न होने की बात सामने आई, जबकि सेफ के पास ही सभी कारीगर सोए थे। कुछ देर बाद बेकरी से लगभग 200 मीटर दूरी पर अलमारी खुली पड़ी मिली। तनवीर ने बताया उसमें रखे 5 लाख 50 हजार रुपये गायब थे। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो शक के दायरे में आए तीन कारीगरों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई है।

ससुराल पहुंची युवती को सौतन ने पीटा

छिबरामऊ, कन्नौज। पति-पत्नी के बीच चल रहे मुकदमे के बाद कोर्ट के आदेश पर ससुराल पहुंची विवाहिता को पति की दूसरी पत्नी ने मारपीट कर घायल कर दिया। नगर के एक मोहल्ला निवासी जानकी ने बताया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के नगला सदू गांव निवासी उनके पति अंशुल पांडेय से मुकदमा चल रहा था। इस दौरान वह अपने मायके में रह रही थी। कोर्ट के आदेश पर वह शनिवार को ससुराल गई, जहां पति की दूसरी पत्नी ने मारपीट की। पीड़िता ने शिकायत पुलिस से कर न्याय की गुहार लगाई है।

राजनीति

सपेरों के गांव पहुंच कर पूर्व सीएम ने पीडीए की बैठक में भाजपा हराओ का नारा दिया

प्रदेश में सीट का नहीं, जीत का गठबंधन : अखिलेश यादव

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। सपेरों के गांव पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पीडीए की बैठक में प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। यहां उन्होंने भाजपा हराओ का नारा दिया। प्रदेश सरकार को किसान, रोजगार विरोधी बताते हुए कहा कि यूपी में सीट का नहीं, सिर्फ जीत का गठबंधन है।

गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इंदरगढ के फकीरेपुरवा सपेरों के गांव में पीडीए की बैठक की। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन को लेकर यहां बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है नीतीश एनडीए में नहीं जाएंगे। ज्ञानवापी सर्वे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि अपनी नाकामी छिपाने के लिए सरकार ऐसे कदम उठा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर तंज कसा कि किसानों से पैसे लेकर सब हो रहा था। ममता बनर्जी के बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने पर कहा कि कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी है छोटे दलों को साथ लाने की। यूपी में गठबंधन पर कहा कि बहुत मजबूत गठबंधन है। ये गठबंधन सीट का नहीं, जीत का है। कहा कि गांव में मुफ्त बिजली के लिए लगाया गया सोलर प्लांट भी बंद कर दिया गया है। इससे लोग फ्री की बिजली का उपयोग न कर पाएं।

बैठक को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव।

वोट कटने पर मैं जिंदा हूं की तख्ती लिए मतदाता। अमृत विचार

सपा समर्थकों के वोट कटने पर चुनाव आयोग को घेरा

तिर्वा। फकीरेपुरवा गांव के कई लोगों का वोट कटने पर मतदाता गले में तख्ती लटकाकर पहुंचे। जिस पर लिखा था मैं जिंदा हूं। सपा मुखिया ने प्रदेश में बड़ी संख्या में सपा समर्थकों का वोट काटे जाने पर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा।

हमारा नाम हटा दो पर लोगों को लाभ पहुंचा दो

तिर्वा। सपा सरकार में आम लोगों को लाभ दिलाने के लिए संचालित की गई परियोजनाओं के बंद होने पर अखिलेश ने कहा कि परियोजनाओं को संचालित करने पर अगर उनका नाम रोड़ा बन रहा है तो उनका नाम हटाकर आम लोगों को लाभ दे दिया जाए।

समस्त जनपदवासियों को

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

!!भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!

!!जय श्री राम !!

!!भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!

मोरि सुधारिहि सो सब भाँती। जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती।।
राम सुस्वामि कुसेवकु मोसो। निज दिसि देखि दयानिधि पोसो।।



अयोध्या में

श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा

पर समस्त देशवासियों को

हार्दिक शुभकामनायें

सौरभ गुप्ता
चेयरमैन प्रतिनिधि

मिताली गुप्ता
नगर पंचायत अध्यक्ष
तिर्वागंज कन्नौज

जय श्री राम

शुभ्रान्त शुक्ल
जिलाधिकारी, कन्नौज

आशीष सिंह
एडीएम कन्नौज

उमेश कुमार सिंह
अधिशाषी अधिकारी

जय श्री राम

सम्मानित सभासदगण

अवकाश अवस्थी सुभाष नगर
अवनीश कुमार बौद्ध नगर
आशा देवी अशोक नगर
ऊषा देवी गांधी नगर
कुसुम देवी इंद्रा नगर
कृष्ण प्रताप सिंह कालिका नगर
पूजा अम्बेडकर नगर
दीपक कुमार अल्वपूर्ण नगर
निधि गुप्ता शास्त्री नगर
गायत्री देवी जवाहर नगर
महतका परवीन आज़ाद नगर
विकास गुप्ता मंडी बाजार
विजय कुमार तोहिया नगर
सतेंद्र कुशवाहा दुर्गा नगर
सौरव कुमार रानी अवंती बाई नगर

निवेदक - नगर पंचायत अध्यक्ष, सम्मानित सभासदगण एवं समस्त मतदातागण तिर्वागंज कन्नौज

कन्नौज परिशिष्ट

समस्त जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
व वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनायें

जरूरतमंदों को लाभ दिलाने के लिए कराएं आवेदन

हम लोग 75वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। अगले बरस यह संख्या बढ़ जाएगी। यह क्रम धीरे–धीरे चलता रहेगा। वास्तव में सोचना यह है कि इन वर्षों में हम लोगों ने मिलकर अपने देश व यहां रहने वाले लोगों के लिए क्या किया। अपने और परिवार के लिए तो सब कोई समर्पित रहता है। उन लोगों के लिए भी सोचना होगा जो बहुत ही संघर्षपूर्ण जीवन जी रहे हैं। कई महकमों की ओर से सरकारी योजनाएं चल रहीं हैं, लेकिन उनका लाभ पात्र होते हुए भी सभी जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता है। भारत में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था और संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। हम लोगों को आगे बढ़कर जरूरतमंदों को लाभ दिलाने के लिए सरकारी योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रेरित करना है, तभी उनकी भी तरक्की के रास्ते खुल सकेंगे। अगर हम लोग इस लायक हैं, कि उनकी पैरवी विभागों तक कर सकते हैं तो यह भी काम करना होगा। तभी भारत को विकसित बनाने का मार्ग खुल सकेगा। अमृत विचार परिवार की ओर से आप सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों व मित्रों को गणतंत्र दिवस व वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनायें।

अजय मिश्र
संवाददाता, कन्नौज

सभी के दिलों में होनी चाहिए देशभक्ति

भारत में तकरीबन हर दिन कोई न कोई पर्व या दिवस मनाया जाता है। इसमें राष्ट्रीय पर्व कहे जाने वाले गणतंत्र दिवस का महत्व बहुत है। लोग घरों व कार्यालयों में तिरंगा फहराते हैं। संविधान लागू होने की खुशी में मिष्ठान वितरण करते हैं। देश के प्रति हर नागरिक में दिखाने की नहीं बल्कि दिल में देशभक्ति होनी चाहिए। हम लोगों को सभी त्योहार मिलजुलकर मनाने चाहिए। जरूरतमंदों की मदद भी करनी चाहिए। तभी संविधान का उद्देश्य सफल होगा।

राहुल गुप्त
लेखपाल

विवेक सिंह
शिक्षक

सभी जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

अंशिता श्रीवास्तव
क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी
विकास खण्ड-कन्नौज/उमर्दा
जनपद-कन्नौज

सभी जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

अजीत दिवाकर
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय प्रेमपुर जनपद-कन्नौज

सुविधायें–
1– छात्र–छात्राओं की सरल तरीके से पढ़ाई।
2– बेसिक शिक्षा विभाग की सभी सरकारी योजनाओं का विद्यार्थियों को निःशुल्क लाभ।

समस्त जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें

उपासना रानी वर्मा
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

नरेन्द्र देव द्विवेदी
प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/
जिला विकास अधिकारी

शुभ्रान्त कुमार शुक्ल
जिलाधिकारी
कन्नौज

बेसिक शिक्षा विभाग की योजनायें

1– जनपद के 1459 परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरण।
2– डीबीटी के जरिये छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खातों में यूनिफार्म के लिए 1200–1200 की धनराशि।
3– कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क मध्यान्ह भोजन योजना।

खण्ड शिक्षा अधिकारी

कन्नौज– विपिन कुमार
उमर्दा– विश्वनाथ पाठक
हसेरन– संजय कुमार
सौरिख– सर्वेश यादव
तालग्राम– रमेश चन्द्र चौधरी
छिबरामऊ– विमल तिवारी
जलालाबाद– शिवेन्द्र वर्मा
गुगरापुर– संजय शुक्ल

जनपद– कन्नौज

सभी जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

मायादेवी इण्टर कॉलेज
शिवाजी नगर, सरायमीरा–कन्नौज

सुविधायें
1– विद्यालय परिसर में सुसज्जित लैब।
2– बेहतर शिक्षण व्यवस्था।
3– अनुभवी शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य।
4– विगत वर्षो में यूपी बोर्ड परीक्षा की मैरिट में विद्यालय के छात्र–छात्राओं का भी रहा नाम।

योगेन्द्र पाल
प्रधानाचार्य

सभी जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

रेनू कमल
प्रधानाध्यापक/
राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त

बृजेन्द्र कमल
प्रवक्ता– सरदार पटेल इण्टर कॉलेज
कचाटीपुर, इन्दरगढ़

प्राथमिक स्कूल जसपुरापुर सरैया प्रथम
ब्लॉक–जलालाबाद, जनपद कन्नौज

सभी जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

अशोक कुमार इण्टर कॉलेज
शिवाजी नगर, सरायमीरा–कन्नौज

विनीता देवी महिला महाविद्यालय
वैसापुर पट्टी, नजरापुर, तिर्वा–कन्नौज मार्ग

अशोक कुमार दुबे
प्रबन्धक

आप सभी को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

डॉ. पूरन सिंह
जिला विद्यालय निरीक्षक

1– सभी शिक्षक व छात्र–छात्रायें समय से स्कूल पहुंचें।
2– विद्यालयों में स्वच्छ, पढ़ाई व अनुशासन का वातावरण बनायें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

संवैधानिक विवेक और श्रीराम की मर्यादा

भारत श्रीराममय हो गया है। यह अव्याख्येय है। दर्शन और मनोविज्ञान के सिद्धांतों से भारत के ताजा उत्साह की व्याख्या नहीं हो सकती। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी उपस्थित थे। अयोध्या में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रित लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति थी। लेकिन कार्यक्रम स्थल के अलावा भी पूरी अयोध्या राममय थी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में अपेक्षित लोगों की सूची में मैं भी था। इसलिए सारा कार्यक्रम निकट से देखने का अवसर मिला। अयोध्या और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मध्य 135 किमी का फासला है। इस लम्बे मार्ग के किनारे किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्रीराम का नारा लगा रही थी। सबके चेहरे पर उल्लास और उत्साह। सब आनंदित और सब प्रसन्न। देश और विदेश के तमाम क्षेत्रों में भी अपने अपने ढंग से उल्लास व्यक्त करने वालों की भीड़ आश्चर्यजनक थी। मूलभूत प्रश्न है कि यह भीड़ किसकी बनाई योजना के अनुसार अनुशासनबद्ध थी? किसने इसे प्रेरित किया? इस महाभीड़ का कारण क्या था? स्पष्ट है कि यह महाभीड़ 'स्वतः स्फूर्त' थी। स्वतः स्फूर्त का अर्थ सीधा और सरल है। यहाँ कोई दूसरा व्यक्ति या संगठन प्रेरक नहीं। कोई लोभ नहीं। कोई भय नहीं। कोई आश्वासन नहीं। सब कुछ अनुभूत विवेक के अधीन अपने आप घटित हो रहा था। ऐसा स्वतः स्फूर्त वातावरण पहले कभी नहीं देखा गया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर समूचे देश में आश्चर्यजनक उत्साह था। यह. वाकई विश्लेषण और विवेचन का विषय है। इसने राम के श्रद्धालुओं को आनंद अतिरेक का खूबसूरत अवसर दिया है। मजेदार बात यह है कि इसी के बहाने छदम् सेकुलरपंथी राजनीति वाले भी अनेक महानुभाव भी वाचाल हुए। उन्होंने श्रीराम के प्रति लोक आस्था को हास्यास्पद ढंग से प्रकट किया। प्राण प्रतिष्ठा सीधी सी बात है। मूर्तियां वस्तु या पदार्थ से बनती हैं। जब तक बाजार में हैं तब तक वे वस्तु हैं। शिल्पी उन्हें तैयार करते हैं। रूप रंग भरते हैं। उनमें सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। लेकिन हैं तो मूर्तियां ही। वैदिक परम्परा में मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं।

की विशेष पद्धति विकसित हुई थी। मूर्तियों में प्राण नहीं होते। इस पद्धति के आलोचक अपने ज्ञान पर प्रसन्न हो सकते हों तो हों। मूर्ति पूजा प्राण उपासना का हिस्सा है। ऋग्वेद में सूर्य को प्राण कहा गया है। वह जगत् का प्राण है ही। सविता सूर्य पृथ्वी के पोषक हैं। श्रीराम सूर्यवंशी हैं। उनके कारण जगत् की गतिविधि चलती है। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं, ''आदित्यो ह वै प्राणो-आदित्य जगत के प्राण हैं।'' छान्दोग्य उपनिषद (1.3.1) में कहते हैं, ''मनुष्यों में प्राण ऊर्द्धव गान है-उद्गीथ हैं।'' प्राण महत्वपूर्ण हैं। प्राण धारण करने से हम सब प्राणी हैं। पत्थर या किसी भी पदार्थ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले साधारण पदार्थ ही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में मूर्ति को निश्चित समय के लिए जल प्रवाह में रखने का विधान है। अन्न में भी प्राण होते हैं। इसलिए मूर्ति को काफी समय के लिए अन्न के भीतर रखते हैं। दूध आदि पदार्थ भी उपयोग में आते हैं। फिर मंत्र आराधन करते हैं। विश्वास करते हैं कि मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। प्राण प्रतिष्ठा की यह विधि सभी मूर्तियों के लिए अपनाई जाती है,लेकिन राम विरोधी तत्व मीडिया में जगह पाने के लिए हास्यास्पद और दयनीय बयानबाजी करते हैं।

ऐसे ही एक नेता कहते हैं कि मुर्दों की प्राण प्रतिष्ठा क्यों नहीं की जाती? शरीर का हलचल में रहना ही प्राणवान होना नहीं है। प्राण जीवन है। भारतीय और बौद्ध परम्परा ने शरीर के बूढ़ा हो जाने पर पुनर्जन्म का सिद्धांत माना है। प्राण अव्यय और अक्षर हैं। भारतीय परम्परा के निन्दक प्राण उपासना नहीं जानते। मार्कण्डेय काटजू भारत के प्रधान न्यायधीश रहे हैं। उन्हें पद पर रहते हुए हम भारत के लोग 'न्यायमूर्ति' कहते रहे हैं। उन्होंने इस विशेषण का विरोध नहीं किया। न्याय भौतिक उपलब्धि है। श्री काटजू भी न्यायमूर्ति कहे जाते रहे हैं। कृपया वे स्पष्ट करें कि वे अभी भी न्यायमूर्ति हैं कि नहीं। अगर वे अभी भी मूर्ति हैं तो क्या उनकी मूर्ति निष्प्राण हैं? कुछ लोग कह सकते हैं कि संविधान न्यायपालिका का मार्गदर्शी है। यह सही भी है। संविधान निर्माताओं का विवेक और विनिश्चय सभी संविधाननिष्ठ भारतवासियों के लिए स्वीकार्य है।

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं। दूसरी छपी हुई अंग्रेजी की प्रति है और तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।'' चित्रमय प्रति में मुखपृष्ठ पर श्रीराम और श्रीकृष्ण, भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल का चित्र है। भाग 3 में मौलिक अधिकारों वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय का चित्र है। नीति निदेशक तत्वों वाले पृष्ठ पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का चित्र है। इस चित्रावली में स्वामी महावीर, बुद्ध, अशोक, गुप्तकाल, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, ओडिशा का स्थापत्य, नटराज, गंगा अवतरण, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, महारानी लक्ष्मी बाई, गाँधी जी की दाण्डी यात्रा, नेता जी सुभाष चन्द्र आदि के अनेक चित्र हैं। संविधान निर्माताओं ने राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर आदि के चित्र सांस्कृतिक उपयोगिता के आधार पर ही निश्चित किए गए थे। भारत का विवेक इसी परम्परा से बना है।

विवेक का विकास लोक और शास्त्र से तथ्य लेकर संभव होता है। किसी को राम काल्पनिक लगते हैं। यह उसका अपना विवेक है। तुलसीदास सजग थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए रामचरितमानस में खूबसूरत चैपाई लिखी है, ''जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखि तिन जैसी।'' लेकिन अब श्रीराम और श्रीकृष्ण को काव्य कल्पना बताने वाले लज्जित हैं। खिसिया गए हैं। उनका सतही अध्ययन हास्यास्पद सिद्ध हुआ है। अयोध्या तथ्य हैं। चित्रकूट तथ्य हैं। दण्डकारण्य तथ्य हैं। गंगा, तमसा और मन्दाकिनी के प्रवाह सत्य हैं। वाल्मीकि, कम्ब व तुलसी सत्य हैं। उनके विवेक सिद्ध सत्य हैं। दो दिन पहले भारत ने अपना गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न किया है। जन गण मन में भारत का विवेक अंतर्निहित है। भारतीय विवेक का विस्तार और निर्माण श्रीराम के शील, आचार और मर्यादा से हुआ है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम इस राष्ट्र का उत्स (मूल) हैं। इसी उत्स से 22 जनवरी को स्वतः स्फूर्त उत्सव प्रकट हुआ है। इसीलिए भारत आदर्श गणतंत्र है। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपवर्:107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आतंरिक संकट बड़ा होता है-''आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्'' वाह्य उतना बड़ा नहीं। यह सावधानी अनिवार्य है।

रूपांतरण का महीना है माघ

शास्त्रों में आध्यात्मिक दृष्टि से माघ महीने में पवित्र नदियों में स्नान एवं पूजन की जो महिमा कही गई है,उसके बहुआयामी लाभ हैं। जहां शास्त्रों में माघ माह के तप को अश्वमेध यज्ञ एवं पुंडरीक यज्ञ के साथ मोक्ष,विष्णुपद की प्राप्ति वाला बताया गया है। वहीं आधुनिक शोधों में उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वाला महीना कहा गया है। इसी के साथ शीतकाल के इस ऋतु में स्नान एवं पूजन से प्रकृति के साथ तादाम्य बनाने का भी अवसर मिलता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण की रचना के पूर्व ही जिन दो महीनों में प्रातःकाल स्नान एवं श्रीहरि के पूजन का चर्चा की है, उसमें पहला माह माघ ही है। दूसरे पर चैत्र स्नान का उल्लेख है। माघ महीने में स्नान के महत्व की एककथा का भी उल्लेख है। राजा सुमति और सत्यवती का पूर्वजन्म दूषित था, लेकिन अनजाने में वशिष्ठ ऋषि के आश्रम पर जाकर स्नान-पूजन से वे अगले जन्म में राजा हुए। आशय स्पष्ट है कि इस महीने में प्रयाग में जुटने वाले संतों के सानिध्य से रूप-स्वरूप तथा आचरण में बदलाव आता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'माघ मकरगत रबि जब होई तीरथपतिहिं आव सब कोई' चौपाई में माघ माह की महत्ता पर पूरा जोर डाल दिया। वैज्ञानिक एवं खगोलीय दृष्टि से देखा जाए तो माघ महीने में प्रयाग के संगम पर सूर्य की किरणों का जल पर अद्भुत असर पड़ता है। जल में अमृत-तत्व की उत्पत्ति होती है। माघ महीने का कृष्ण पक्ष हेमंत तो शुक्ल पक्ष शिशिर ऋतु है। शीतकाल के इस यौवनकाल में स्नान से शरीर के रस-रसायनों में यौवनकाल जैसा तेज प्राप्त होता है,जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है।

सूर्यनारायण दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मेडिकल साइंस की दृष्टि से इस अवधि में सूर्य की किरणों का सेवन अति लाभकारी है। आध्यात्मिक ऋषियों ने इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए पौष मास की पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान एवं भगवान के पूजन का उल्लेख किया है। प्रयाग में भारद्वाज ऋषि ने इसी अवधि में संगम स्नान के लिए आए याज्ञवल्क्य ऋषि से अपनी अज्ञानता को दूर करने की प्रार्थना की और याज्ञवल्क्य ऋषि ने श्रीहरि स्वरूप भगवान श्री राम की महिमा से उन्हें परिचित कराया था। श्रीराम के प्रति भक्ति का फल ही था कि वनगमन के समय निकले भगवान श्रीराम भरद्वाज ऋषि के आश्रम पर आए थे। ब्रह्मपुराण में 'अरुणोदयमारभ्य प्रातःकालवधि प्रभो, माघस्नानवतां पुण्यं क्रमात्तत्रावधारणा' (स्नान के काल की अवधि अरुणोदय से आरंभ कर प्रातःकाल कही गई है। माघ में माघस्नान करने वालों के लिए विशेष रूप से यह कहा गया है)। इसी पुराण में कहा गया है कि जो भगवान कृष्ण का ध्यान कर इस अवधि में स्नान करता है, वह देवपूजित होता है। पद्मपुराण में कहा गया है कि अशक्त व्यक्ति को भी कम से कम तीन दिन माघ माह में सूर्योदय के समय पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। प्रयाग के संगम में स्नान गंगा-सागर स्नान की तरह फलदायी है। नारद पुराण में होम-हवन का विधान बताया गया है। हवन में तिल के प्रयोग से अग्नि का प्रज्ज्वलन लाभदायी है। इस अवधि में दान की भी महिमा है जिसमें गर्म वस्त्रों आदि के साथ तिल के दान का विशेष उल्लेख है। तिल पदार्थ में एक चौथाई शर्करा (चीनी या गुड़) और तीन चौथाई तिल होना चाहिए। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक की अवधि भी नवरात्र व्रत की तरह है। लौकिक रूप से इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस समय ज्ञान की शक्तियां अज्ञान के महिषासुर का वध करती हैं।

आधुनिकता के साथ संस्कार भी आवश्यक

आधुनिक युग में बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में पाश्चात्य सभ्यता का हावी होना है। हमारा देश तरक्की कर रहा है, डिजिटल रिलेशन के युग में सभी काम मशीन से हो रहा है। यह अच्छी बात है,परंतु हर अच्छे काम के करने के तरीके में बुराई भी छिपी होती है। मशीन का उपयोग करने वाला किस प्रकार का व्यक्ति है,उसका आचरण कैसा है,वह विकास के लिए प्रतिबद्ध है अथवा उसका आचरण गलत है,यह उस पर निर्भर करता है। आज अपने बच्चों में संस्कार भरने की आवश्यकता है।

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> शिक्षा संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है।

यह एक बड़ी अजीब सी बात हुई कि गत दो तीन माह में मेरे पास साथी शिक्षकों एवं अन्य साथियों तथा कुछ परिचितों ने दूरभाष पर बात हुई जिसमें उनका प्रश्न था कि हम बच्चों को जो कुछ भी शिक्षा दे रहे हैं, किताबें रटबा रहे हैं। उन सबमें संस्कार विकास कहां हैं? हम लोग बच्चों में संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। चाहें उनका घर हो,परिवार हो या फिर शिक्षण संस्थाएं कहीं भी संस्कार के विकास पर कार्य नहीं कर रहे हैं तो फिर हम शिक्षा से कर क्या रहे हैं?

आज अभिभावक अपने बच्चों से दूर होते जा रहे हैं। उन्हें खुद फुर्सत नहीं मिलती जिस कारण वे अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं कैसी संगति में हैं,उसकी निगरानी अभिभावकों द्वारा नहीं होने के कारण बच्चे संस्कार विहीन हो जाते हैं। बच्चों की प्रवृत्ति गलत कार्यों के प्रति ज्यादा होती है, ऐसे में उन्हें रोकने वाला कोई नहीं मिलता। यही कारण है कि वे बिगड़ते जाते हैं और संस्कार विहीन बन जाते हैं।

संस्कार का अर्थ है अच्छे गुण,अच्छे व्यवहार,अच्छे कर्म एवं अच्छा रहन-सहन। बच्चों को बचपन से प्रारंभ होकर जीवनपर्यंत संस्कार मिलते रहते हैं। बच्चों में संस्कार का गुण विकसित करने के लिए हमें घर में अच्छा माहौल बनाना होगा। बच्चों की प्रथम पाठशाला घर ही होता है और बच्चे के माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। यदि बच्चों में संस्कार डालना है तो बचपन से ही उनमें अच्छे संस्कार डालने होंगे। बच्चे के माता-पिता, चाचा-चाची,दादा-दादी एवं अन्य परिवार सदस्य,जैसे-बातचीत एक दूसरे के साथ करना। व्यवहार,घर के समान तरीके से रखना,आगंतुक का स्वागत, सब काम तरीके से एवं समय से करना इत्यादि करते हैं। बच्चे भी यह सब देखकर एवं सुनकर उन्हीं चीजों का अनुसरण करते हैं। इसलिए बच्चों में संस्कार की नींव घर परिवार से ही डालनी होती है। समाज, छात्र के संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार, स्कूल, मित्रों, अध्यापकों, आदर्शों और सामाजिक परिवेश द्वारा प्रभावित होकर छात्र के व्यक्तित्व में संस्कारों का निर्माण होता है। एक समाज की मान्यताएं, संस्कृति, धार्मिक मान्यताएं, सामाजिक नीतियां और सामाजिक नियम आदि संस्कारों का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं।

शिक्षा भी संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है। शिक्षा छात्र को सोचने की क्षमता, न्याय और सही गलत का विवेचन करने की क्षमता, सामरिकता, स्वतंत्रता, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान करने की क्षमता विकसित करती है। शिक्षा छात्र को संस्कृति के साथ एक समृद्ध सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए तैयार करती है। संस्कार शब्द संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है सज्जन बनाना या निर्माण करना। इसे हम सामान्यतः शिक्षा, आदर्शों, संगठन, नैतिकता और सामाजिक नियमों के माध्यम से व्यक्ति में अपनाए जाने वाले गुणों का संकेत के रूप में भी जानते हैं। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का महत्व अत्यंत प्रमुख होता है। यह उन गुणों और मूल्यों को सम्मिलित करता है,जो छात्र के व्यक्तित्व का आधार बनाते हैं और उसे समर्पित, सद्भावपूर्ण और सभ्य नागरिक बनाते हैं। संस्कारों के माध्यम से, विद्यार्थी सामाजिक, नैतिक और नैतिकतापूर्णता के मूल्यों को सीखते हैं,जो उन्हें अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संस्कारों का निर्माण सामाजिक और शैक्षिक माध्यमों के माध्यम से होता है,जो छात्र के व्यक्तित्व को स्वर्णिम बनाते हैं। संस्कारों का समावेश छात्र को उच्चतम मान्यताओं, नैतिकता, न्याय, समरसता, सहयोग, समानता, समाज सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की क्षमता प्रदान करता है। ये संस्कार उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक सफलता की ओर ले जाते हैं और एक सद्भावपूर्ण,सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसा व्यक्ति कभी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। अपनी कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपने जीवन को तो संवारता ही है। साथ ही दूसरों का भी उद्धार करता है। वह अपनी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज का निर्माण करता है। लोगों में परस्पर प्रेम, सद्भावना एवं परोपकार का भाव जाग्रत करता है।

साहित्यः रूप परिवर्तन

एक वह युग था,जब लिपि का विकास तो नहीं हुआ था,पर भाषा का विकास हो रहा था,संवाद होता था,साहित्य का एक रूप संवाद था। श्रुति-परंपरा,वाचिक-परंपरा,स्मृति परंपरा थी। लोकजीवन में गीत,कथा,गाथा और कहानियों का प्रचलन संवाद के साथ ही विकसित होने लगा था। नाटक आए। व्याख्यान और शास्त्रार्थ थे। एक युग वह भी आया, जब लिपि का विकास हुआ, लिपि का विकास हुआ तब साहित्य का रूप फिर बदला।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ताड़-पत्रों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे सूत्रग्रंथ लिखे गए। पद्यात्मक रूप प्रधान रहा। वाचिक परंपरा का और विकास हुआ, हस्तलिखित ग्रंथों का विस्तार भी हुआ,किंतु समर्थ लोगों तक ही ग्रंथों की पंहुच थी। लिखिया होते थे। फिर मुद्रणालय आए। तब साहित्य का रूप फिर से बदला। अब गद्य रूप प्रधान होने लगा और उपन्यास-कहानी-निबंध-आलोचना आदि का प्रचार हुआ। ग्रंथों के साथ ही अखबार आए, खबर आई और उनकी पहुंच का व्यापक विस्तार हुआ।

ज्ञानविज्ञान के विभिन्न अनुशासनों को लेकर किताबें छपने लगीं और वे सामान्यजन तक पहुंचने लगीं। फिर रेडियो आया, वार्ता, परिचर्चा, रेडियोनाट्य, रिपोर्ताज जैसे साहित्य रूप आए। फिर मूवी आया। टौकी आया। फिल्म आई, पटकथा और संवाद। साहित्य की विधाओं का और अधिक विस्तार हुआ। दूरदर्शन आने के बाद साहित्य के लिए नाटक और परिचर्चा जैसे रूप मिले। साहित्य और ज्ञान-विज्ञान के दृश्यरूप और अधिक प्रभावी बन गए।

अब जब इंटरनेट आया है,साहित्य का रूप फिर से बदलने को है। ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है। माध्यम बदलने से साहित्य का रूप तो बदलता ही है,साहित्य की अंतर्वस्तु का भी विस्तार होता है। टेक्नोलॉजी किस प्रकार से साहित्य के रूप को प्रभावित करती है? इस विषय पर एक थीसिस लिखी जा सकती है। मुद्रण आने के बाद गद्य की कितनी विधाओं का विकास हुआ? रेडियो आने के बाद कितनी नई विधाएं (रेडियो-नाट्य,रेडियो-रूपक,फीचर,वार्ता आदि) फिल्म आने पर नाट्य रूपों में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ और नौटंकी जैसे आयोजन धीरे-धीरे कम होते चले गए। टी.वी. आने के बाद तो साहित्य-विधाओं के साथ ही पत्रकारिता का भी रूप व्यापक हो गया है। आज इंटरनेट ने फिर से साहित्य और लोकसंवाद के नए-नए रूपों को विकसित किया है। भविष्य में ये सब नए रूप एक साहित्य-पत्रकारिता और संवाद का नया इतिहास बनाएंगे। अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है।

परम तत्व चिंतन

जिन परमात्मा में श्रेष्ठ बुद्धि वाले विप्रगण अपने मन को लगाते हैं तथा अपनी सब प्रकार की वृत्तियों को भी नियुक्त करते हैं, जिन्होंने अग्निहोत्र आदि समस्त शुभ कर्मों का विधान किया है,जो समस्त जगत के विचारों को जानने वाले और अद्वितीय हैं, उन सबसे महान, सर्वज्ञ परमेश्वर की हमें भूरि-भूरि स्तुति करनी चाहिए।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे मन और बुद्धि, मैं तुम दोनों के स्वामी और समस्त जगत के आदि कारण परब्रह्म परमात्मा को बार-बार नमस्कार करके विनयपूर्वक उनकी शरण में जाकर उनमें संलग्न होता हूं। परमेश्वर की महिमा का जो मैंने वर्णन किया है, वह संपूर्ण जगत में व्याप्त हो जाए। दिव्य लोकों में निवास करने वाले परमात्मा के सभी पुत्र भी उनकी महिमा को भली-भांति सुनें।

परमात्मा की स्तुति के पश्चात ध्यान की स्थिति का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि जिस स्थिति में अरणिमंथन के लिए शरीर को नीचे की अरणि और ओमकार को ऊपर की अरणि बनाकर ओम का जप और उसके अर्थरूप परमात्मा का निरंतर चिंतनस्वरूप मंथन किया जाता है,जहां प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का विधिपूर्वक भली-भांति निरोध किया जाता है,जहां आनंद रूप सोमरस प्रचुर मात्रा में प्रकट होता है,उस ध्यानावस्था में मनुष्य का मन सर्वथा विशुद्ध होकर परमात्मा में संलग्न हो जाता है।

हे साधक संपूर्ण जगत के स्वामी परमेश्वर की इस प्रकार से स्तुति करके उनसे अनुमति प्राप्त कर तुम्हें सबके आदि उन पर ब्रह्म परमात्मा की ही सेवा करनी चाहिए,उन परमेश्वरम में ही आश्रय प्राप्त करना चाहिए। ऐसा करने से पहले किए हुए समस्त संचित कर्म विघ्नकारक व बंधन रूप नहीं होंगे।

जब तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा

देश की आजादी के बाद इतने बड़े राष्ट्र को चलाने और आगे बढ़ाने के लिए संविधान सभा में लंबा विचार-विमर्श चला। लोकतंत्र की अवधारणा को अपनाया गया और राज्य को संचालित करने की शक्ति लोक के हाथों में सौंपना तय किया गया। आधी सदी से अधिक समय बीत गया,बीते समय में हम आगे बढ़े,लेकिन समय से पीछे रह गए। समय हमसे तेज चल रहा है,लेकिन हमारी गति कम है,क्योंकि देश में गण और तंत्र अलग-अलग चल रहे हैं। यदि इन दोनों का साथ होता तो टीम-वर्क उभरकर आता और हम समय के साथ कदम ताल मिला लेते।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

> तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है,जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है,लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य- संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे।

गणतंत्र के नाम पर हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करने का अधिकार हमें प्राप्त नहीं है,हमें वोट उसे देना है,जो कम बुरा है। गणतंत्र के नाम पर हमें बोलने का अधिकार मिला है,लेकिन उसे तंत्र सुनता नहीं,क्योंकि कुर्सी पर आसीन नेता और अफसर, जनता को मूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि ये बेवजह हल्ला करने वाले नासमझ लोग हैं। वो समझते हैं कि 'ये' करेंगे, ये समझते हैं 'वो' करेंगे और दोनों एक-दूसरे की और संदेह भरी निगाह से देख रहे हैं। जब कुछ हासिल होता दिखाई नहीं पड़ता तो 'ये' 'वो' को गरिया रहा है और 'वो' 'ये' को। दोनों के बीच का पुल संविधानसभा में बनाया गया था,लेकिन पुल पुराना पड़ता गया। सत्ता ने हौले-हौले पुल की नींव हटा दी,पुल भसक कर जमींदोज हो गया। अब प्रजा एक छोर पर खड़ी है और तंत्र दूसरे छोर पर,यही आज का बचा-खुचा गणतंत्र है। दोनों मिलकर गाना गा रहे हैं,'पुकार लो, तुम्हारा इंतजार है।' ऐसा नहीं है कि प्रगति नहीं हुई है। पुलिस का उदाहरण लेते हैं। आजादी के पहले पुलिस के हाथ में डंडा और बन्दूक थे,अब स्टेनगन है उनके हाथों में। ये स्टेनगन लोक की रक्षा के लिए नहीं है,तंत्र की रक्षा के लिए तैनात है। लोक अपनी रक्षा स्वयं करे, तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है,लेकिन तंत्र की रक्षा लोक करे। क्योंकि तंत्र का जीवन लोक के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है। सही तो है तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा? लोक का क्या है? रहे न रहे। न्याय व्यवस्था को देख लीजिए,लोग इस उम्मीद में न्यायालय जाते हैं कि उनके मध्य विवाद का निपटारा होगा, लेकिन वादी-प्रतिवादी निपट जाते हैं,विवाद का समाधान नहीं होता,तारीख पर तारीख मिलती है। न्यायालयों की अढ़धप में फंसे व्यक्ति की जो आर्थिक और मानसिक दुर्दशा होती है उसे वही व्यक्ति जानता है जिसे मुकदमा लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। जज से लेकर मुंशी तक, हर व्यक्ति आमजन को इस कदर अपमानित और तंग करता है कि वह अदालत जाने के नाम से कान पकड़ लेता है। क्या संविधान सभा ने ऐसी निकृष्ट न्याय व्यवस्था की उम्मीद की होगी?

कोई भी पार्टी होसबके नेता नौटंकीबाज हैं। सबको अपनी फिक्र है, गण की नहीं। गण तो उनके ऊपर पहुंचाने की सीढ़ी हैं, ऊपर पहुंच गए, खेल खत्म,पैसा हजम। शासक और प्रशासक आपस में मिलीभगत करके आमजन के जीवन को कष्ट में डालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं,लेकिन गीत जन कल्याण के गाएंगे। ईमानदारी का भजन गाने राजनीतिज्ञ वाले बेईमानी के धन से चुनाव लड़ते हैं और जीतने के बाद वसूली अभियान चलाते हैं,जो हार जाता है वह भुट्टे की तरह जलता-भुंजता-कुढ़ता रह जाता है।

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है,जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है,लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे। आगे भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता रहेगा,क्योंकि यह संविधान को सम्मान देने का उत्सव है। काश गणतंत्र दिवस की भावना को समझते हुए अपनी शक्ल संविधान के पन्नों में देखें और गलतियों को सुधारने का यत्न करें अन्यथा अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करने वाली।

बंधन से मुक्ति

यदि कोई व्यक्ति अपने को विद्वान की श्रेणी में मानता है तथा जाति का समर्थन करता है या किसी मनुष्य को दलित कहता है तो मूल रूप से वह सनातनी नहीं है। जाति व्यवस्था एवं दलित शब्द मुगलों की देन है। पराजित कोम को दास बना बनाते थे और दास बना करके विक्रय किया करते थे,क्योंकि वे असहाय थे। उनके साथ पशुवत व्यवहार करते थे और आज भी प्रचलन में है। हमारे यहां गरीब ब्राह्मण था जिसकी कोई आजीविका नहीं थी। मात्र भिक्षाटन था। यहां तक की भगवान विष्णु ने बलि को छलने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण करके वावनअवतार लिया था। ब्राह्मण तीनों वर्णों से भिक्षाटन करता था और सारा जीवन राष्ट्र के अभ्युदय में लगता था। गरीब होना हमारे समाज में अपमान नहीं माना जाता था अपितु ब्राह्मण सबसे सम्मानित था। क्योंकि उसके पास विद्या थी तप था समाज एवं राष्ट्र की सेवा थी। इसीलिए ब्राह्मण के पर्यायवाची सभी विद्वान सूचक शब्द है। ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है। इसीलिए हमारे सनातन धर्म की धुरी में महर्षि

रामनाथ द्विवेदी
कानपुर

> ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है।

व्यास,महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सूत जी है,जो सभी निम्न वर्ण के थे तथा लगभग सभी सनातन धर्म ग्रंथों की रचना की है। श्रीमद् भागवत गीता महाभारत का अंश है जिसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। वेदों में भी भूमि दास एतरेय, महर्षि सत्यकाम जावाल इसी प्रकार दस अन्य महर्षि निम्न वर्ण के थे। इतना ही नहीं महाराज काशी नरेश मीराबाई संत शिरोमणि रविदास के शिष्य थे। राष्ट्र की प्रगति के लिए सनातनी बने। जातिवादी बनकर के स्वार्थी एवं अवसरवादी न बने स्वार्थी एवं अवसरवादी व्यक्ति कभी विद्वान नहीं होता। वस्तुतः सनातन धर्म आर्य धर्म है, जो जीवन में व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करता है बंधन नहीं। महर्षि वशिष्ठ जब भगवान राम को शिक्षा दे चुके तो उनसे कहा अब तुम मुक्त हो और तुम अपने विवेक से काम करो। सा विद्या या विमुक्त ये। ज्ञान वही है,जो बंधन से मुक्ति प्रदान करें।

अंतिम संस्कार से लौट रहे ट्रैक्टर में बस ने मारी टक्कर, दो की मौत, 14 घायल

ग्राम प्रधान के चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे लोग, जीटी रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, छिबरामऊ

अमृत विचार। सिंघीरामपुर से अंतिम संस्कार से लौट रहे ट्रैक्टर-ट्राली में एनएच-34 स्थित चौहान ढाबा के पास एक प्राइवेट बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। वहीं घटना की जानकारी होते ही तहसीलदार सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने मौके पर हंगामा किया। पुलिस ने लाठियां पटककर खदेड़ा।

ग्राम पंचायत भगवंतपुर के प्रधान दलबीर सिंह के चाचा का निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर सिंघीरामपुर गए थे। अंतिम संस्कार के बाद गांव जाते समय एनएच-34 स्थित चौहान ढाबा के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम मदारपुर निवासी राजू वर्मा पुत्र आत्माराम व सुधीर पुत्र रतिराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक पुत्र सिया राम राजपूत, विनोद पुत्र चोखे लाल, दफेदार पुत्र बाके लाल, चंद्र शेखर पुत्र महेंद्र सिंह, कमलेश चंद्र पुत्र रघुवत दयाल, हरीश चंद्र पुत्र लक्ष्मी लाल, सर्वेश कुमार पुत्र भगवत दयाल, विशुन दयाल पुत्र जगन्नाथ, राम विलास पुत्र राम चंद्र, रघुवीर सिंह, मदारपुर निवासी सुगर सिंह, रामू पुत्र राम महेश, राम विलास व नरेश चंद्र पुत्र मंगली सहित 14 लोग घायल हो गए।

घायलों को देखते सीएमएस सुनील कुमार सिंह। अमृत विचार

सीएचसी के सभी चिकित्सक पहुंचे अस्पताल

छिबरामऊ। अचानक इतना बड़ा हादसा और बड़ी संख्या में घायलों के अस्पताल पहुंचने की सूचना पर अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। चिकित्सकों की भारी कमी होने के कारण सभी मरीजों को देख पाना मुश्किल था। तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सकों को बुलाया गया और सभी ने एक साथ मिलकर घायलों का उपचार किया।

- गुस्साए ग्रामीणों के हंगामा करने पर पुलिस ने लाठियां पटककर लोगों को खदेड़ा

डीएम के आदेश पर पहुंची कई एंबुलेंस

छिबरामऊ। सौ शैय्या अस्पताल से रेफर किए गए मरीजों को काफी देर तक एंबुलेंस न मिलने से तीमारदारों ने नाराजगी जाहिर की। मामले की जानकारी जिलाधिकारी को होने पर उन्होंने तत्काल क्षेत्र की ज्यादातर एंबुलेंस को सौ शैय्या अस्पताल भेजा।

तिर्वा एसडीएम रिलीव, कई अफसर आएंगे कन्नौज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ब्लाक व सिंचाई खंड में भी होगी अधिकारियों की नई तैनाती
- लोस चुनाव घोषित होने से पूर्व सीडीओ के आने का इंतजार

अमृत विचार। जनपद को जल्द ही कुछ अफसर मिलेंगे। इसका आदेश जारी हो गया है। इसके अलावा तिर्वा एसडीएम भी रिलीव हो गए हैं। विकास खंड और सिंचाई खंड में भी नए अधिकारियों की तैनाती होगी।

दरअसल, अब तक तिर्वा एसडीएम की जिम्मेदारी निभा रहे पवन मीना आईएएस हैं। उपजिलाधिकारी पद पर उनकी पहली ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अब सीडीओ बनाकर फतेहपुर भेजे गए हैं। इससे करीब दो महीने पहले उनका तबादला सहारनपुर में सीडीओ पद पर हुआ था, लेकिन स्थगित हो गया था।

वाराणसी से पीडीएस दीपांकर आर्या को कन्नौज भेजा गया है। उनकी किसी ब्लॉक में जल्द ही बीडीओ पद पर तैनाती होगी। सिंचाई विभाग में स्वारा संगठन लखनऊ से सूर्यमणी सिंह की तैनाती होगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सूबे में 103 अफसरों के तबादले हुए हैं, उसी में कन्नौज के लिए सूर्यमणी सिंह को भेजा गया है। कहा जा रहा है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की घोषणा फरवरी के अंत या मार्च के पहले सप्ताह में हो सकती है। उससे पहले ही नए सीडीओ की तैनाती भी होनी है।

इन पदों पर भी इंतजार

सहायक निदेशक बचत का पद कई महीनों से रिक्त है। जिला जज की तैनाती भी नहीं हुई है। बीडीओ उमर्दा में डीसी मनरेगा दयाराम यादव व छिबरामऊ में डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। डीडीओ के पास ही सीडीओ व सहायक निदेशक बचत का अतिरिक्त प्रभार है। नगर शिक्षा अधिकारी का तबादला लखनऊ हो जाने से पद पहले से ही रिक्त हो चुका है। 31 जनवरी को गुगरापुर बीईओ संजय शुक्ल के सेवानिवृत्त हो जाने से यह पद भी खाली हो जाएगा।

सार-संक्षेप

आत्महत्या के लिए उकसाने में अज्ञात कॉलर पर रिपोर्ट

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को शिकायतपत्र देकर बताया कि उसकी 18 साल की पुत्री ने पांच जनवरी को घर में फांसी लगाकर जान दी थी। मौत के बाद जब उसका मोबाइल देखा तो एक अज्ञात कॉलर ने फोन पर बातचीत कर वीडियो कॉल से उसका आपत्तिजनक विडियो बना लिया था। उसे वायरल करने की धमकी देकर फोन कॉलर समेत दो अन्य लोग परेशान करने लगे थे। इस पर पुत्री ने आत्महत्या कर ली। एसपी के आदेश से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

बंटवारे के विवाद में युवक को पीटा

गुरसहायगंज, कन्नौज। सगरा गांव निवासी देवेंद्र कुमार का कहना है कि 26 जनवरी की शाम परिवार के निर्दोष व संदीप ने बंटवारे के विवाद में दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

छिबरामऊ। तालग्राम रोड स्थित कपूरपुर के पास किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे एक युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना और शव पोस्टमार्टम भेज दिया गया। कमालगंज थाना क्षेत्र के कनकौली गांव निवासी नत्थु सिंह का पुत्र क्रांतिवीर दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी दो बहनें पिंकी व पूनम छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के हाथिन में रहतीं हैं। युवक बहनों के घर आया था। शुक्रवार शाम वह पैदल कहीं जा रहा था। तभी तालग्राम रोड स्थित कपूरपुर के पास किसी वाहन की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराई और परिजनों को सूचना दी।

डा. सुधीर को उत्कृष्ट चिकित्सक सम्मान

गुरसहायगंज। सीएमओ डा. विनोद कुमार, एसीएमओ डा. धीरेंद्र प्रकाश आर्य, अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल ने नगर के जीटी रोड स्थित दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डा. सुधीर दीक्षित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डा. सुधीर दीक्षित ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जनपद में सर्वाधिक पात्रों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया है। चिकित्सक को सम्मान मिलने पर भारत विकास परिषद के अतुल गुप्ता, राजेश गुप्ता, ललित मोहन सिंह, गगन गुप्ता, अजीत मिश्रा, सिद्धार्थ कौशल, अमित गुप्ता ने डॉ. सुधीर दीक्षित का स्वागत कर बधाई दी।

सम्मान प्राप्त करते डा. सुधीर दीक्षित। अमृत विचार

दुकानें खोलीं, आठ कार्रवाई की जद में

तिर्वा, कन्नौज। गणतंत्र दिवस पर बाजार बंद रहने के आदेश के बाद भी आठ दुकानें खुली मिलीं। इन दुकानदारों पर श्रम प्रवर्तन विभाग कार्रवाई कर रहा है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर शासन के आदेश पर सरकारी संस्थान समेत दुकानें बंद रखनी थी। इसके बावजूद भी दुकानें खुली थीं। मौके पर पहुंचने पर आधे से अधिक दुकानदार दुकान बंद करके भाग गए। आठ दुकानें खुली मिलीं, जिसपर आर्थिक दंड व कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। साप्ताहिक बंदी मंगलवार के दिन दुकान खुली मिलने पर अधिकतम पांच हजार का जुर्माना किया जाएगा।

सीओ ने अपराध समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

तिर्वा। थाना इदरगढ़ पहुंचीं सीओ प्रियंका बाजपेई ने शिकायतें सुनने के बाद अपराध समीक्षा बैठक की। निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए। अपराधियो को जेल भेजा जाए। उन्होंने अभिलेखों को चेक किया, कंप्यूटर कक्ष, हवालात, मलखाना का निरीक्षण किया गया व जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं माल निस्तारण के संबंध में समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने कैदी को दिलाई रिहाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अर्थदंड जमा न कर पाले वाले कैदी का सामाजिक कार्यकर्ता ने जमा किया जुर्माना

अमृत विचार। अर्थदंड की धनराशि जमा न कर पाने के कारण अतिरिक्त कारावास भुगत रहे कैदी का जुर्माना एक सामाजिक कार्यकर्ता ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर जमा दिया, जिससे उसे रिहाई मिल गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने जिला कारागार अनौगी का पैन इंडिया कैंपेन 2024 के तहत निरीक्षण किया। जेल में निरुद्ध कैदी रामनिवास ने बताया कि वह सात वर्ष छह माह की सजा काट चुका है, लेकिन पांच हजार रुपये अर्थदंड जमा न कर पाने के कारण वह चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगत रहा है। सचिव ने शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं से बात की तो कन्नौज कोल्ड स्टोरेज के स्वामी अमिताभ गुप्ता ने रामनिवास का जुर्माना जमा कर दिया, जिस पर उसे रिहा कर दिया गया। सचिव ने बताया कि पैन इंडिया कैंपेन के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निराश्रित बंदियों व कैदियों को राहत दी जा रही है।

शक्तिपीठों की पदयात्रा पर निकले, स्वागत

गुरसहायगंज। बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी राजाबाबू 3000 किमी की पदयात्रा कर 11 शक्तिपीठों के दर्शन के लिए निकले है।

नगर पहुंचने पर स्थानीय लोगों विजय गुप्ता, संतोष कुमार, आशीष कुमार, राजकुमार, रवि सविता, अरुण तिवारी, नीरज गुप्ता, पंकज बादशाह ने फूलमालाएं पहनाकर श्रद्धालु का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि लगभग छह माह में वह 3000 किमी की यात्रा करेगा।

वर्ष 2023 में उसने मुजफ्फरपुर से जम्मू तक लगभग 2250 किमी की यात्रा 04 माह में पूरी की थी। वह प्रतिदिन 25 से 30 किमी पदयात्रा करते हैं।

पांच कोचिंग संचालकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

इनको मिला नोटिस

कौटिल्य विजन इंस्टीट्यूट एंड टेक्नोलॉजी जीटी रोड सरायमीरा के संचालक आदर्श पांडेय, शिक्षा अकादमी कलक्ट्रेट रोड के अतुल कुमार, प्राइम क्लासेस टीचर्स कालोनी गोलकुआं चौराहा के प्रखर प्रताप सिंह, न्यू स्मार्ट क्लासेस सिंहवाहिनी मकरंदनगर नई बस्ती के संचालक आदित्य प्रताप मिश्र और न्यू उज्जवल क्लासेस गुरसहायगंज के अनुज राजपूत व मोहित पाठक को नोटिस दिया गया है।

- मानकविहीन चल रहे ट्यूशन संस्थानों पर डीआईओएस ने कसा शिकंजा

अमृत विचार। बिना पंजीकरण व मानकविहीन चल रहे जिले के पांच कोचिंग संचालकों को डीआईओएस ने नोटिस थमाया है। एक सप्ताह का समय देते हुए जवाब मांगा है। संतोषजनक साक्ष्य न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस डा. पूरन सिंह ने जारी नोटिस में कहा है कि प्रदेश कोचिंग विनियमन अध्यादेश 2002 के प्रावधानों के तहत जनपद में चल रहे कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया जा रहा है। नवंबर 2023 से जनवरी 2024 तक निरीक्षण किए गए, उस दौरान सेंटरों पर कई कमियां मिलीं। कहीं-कहीं तो बिना पंजीकरण के ही कक्षाएं चल रहीं थीं। नामीगिरामी संस्थानों में तो भूतल व प्रथम तल पर भी कोचिंग चलती मिलीं, पर अग्निशमन विभाग की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिला।

डीआईओएस ने पत्र में कहा है कि आपदा की स्थिति में कोचिंग संस्थानों में किसी अनहोनी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह अत्यंत संवोदनशील मामला है। कुछ कोचिंग सेंटर महज कंपनी एक्ट के तहत ही पंजीकृत हैं। एक कोचिंग सेंटर पर प्लाई बोर्ड से विभाजित हाल में एक छोटे हाल में प्रतियोगी परीक्षा के छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। बेसमेंट में जाने के लिए सीढियां संकरी हैं। यह मानक विहीन के दायरे में आता है। इस वजह से सभी को तलब कर जवाब तलब हुआ है।

शिवपाल बोले-स्वामी प्रसाद को बहुत रोका, पर वह नहीं माने

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कहा- अब पार्टी नेतृत्व करेगा उन पर कार्रवाई
- निजी समारोह में शामिल होने आए थे, भाजपा पर तंज कसा

अमृत विचार। हिंदू व सनातन विरोधी बयानबाजी करने से स्वामी प्रसाद मौर्य को बहुत रोका, लेकिन वह नहीं मान रहे। अब पार्टी नेतृत्व ही उन पर कार्रवाई करेगा। शनिवार को शहर में एक निजी समारोह में आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने यह बात पत्रकारों से कही। उन्होंने भाजपा सरकार को भी आड़े हाथ लिया और कहा कि प्रदेश की जनता सब जानती है और आने वाले चुनाव में जवाब भी देगी।

मोहल्ला कुतलूपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में आए सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा भाजपा को हटाने के लिए सभी दलों को एकजुट होना पड़ेगा। इंडिया गठबंधन तभी मजबूत होगा, जब सभी विपक्षी दल एकजुट हों। भाजपा हमेशा बेईमानी कर चुनाव जीतती है। राममंदिर के निमंत्रण के सवाल पर बोले कि उन्हें निमंत्रण नहीं दिया गया, फिर भी वह रामलला के दर्शन करने जरूर जाएंगे। जैसे भाजपा सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन कर राममंदिर बनवाया है, वैसे की सपा सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए गोली चलवाई थी। अब राममंदिर बन गया है तो यह आरोप भी खत्म हो जाना चाहिए। बसपा सुप्रीमो मायावती पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बारे में सभी लोगों को पता है, वह किस मुंह से अखिलेश को गिरगिट कह रहीं हैं।

लोकसभा चुनाव में वह प्रदेश में सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराएंगे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

पत्रकारों से वार्ता करते सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव। अमृत विचार

लखनऊ को हराकर मुरादाबाद फाइनल में

कन्नौज। शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में स्व. ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को मुरादाबाद और लखनऊ के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें लखनऊ ने टॉस जीता। रोमांचक मुकाबले में लखनऊ ने मुरादाबाद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

लखनऊ के कप्तान आदित्य सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। लखनऊ के बल्लेबाज ऋतुराज सिंह ने 54 रन बनाए और मुरादाबाद के सामने 163 रनों का लक्ष्य निर्धारित 30 ओवरों में रखा। जवाब में जब बल्लेबाजी करने उतरी मुरादाबाद की टीम के बल्लेबाज गौरव डांगर ने जबरदस्त चौके और छक्के लगाकर मात्र छह ओवरों में टीम का स्कोर 46 रन पहुंचा दिया। गौरव डांगर 22 रन बनाए, जबकि बल्लेबाज आकिब ने 79 रन बनाए और 26वें ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। आकिब को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राजस्व विवाद प्राथमिकता से निस्तारण कराएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों को दिए निर्देश
- सदर कोतवाली में एसडीएम व सीओ सिटी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

अमृत विचार। थाना समाधान दिवस में अधिकतर राजस्व संबंधी विवादों की शिकायतें आईं, जिस पर एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारियों के सहयोग से प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निस्तारण कराए। जिले के सभी थानों में 34 मामलों को पहले ही दिन निस्तारित कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के लिए टीमों का गठन किया गया है।

सदर कोतवाली में शनिवार को एसडीएम अविनाश कुमार गौतम व सीओ सिटी कमलेश कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दो मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। तिर्वा प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सात शिकायतें सुनीं, जिनके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की टीमों का गठन किया। ठठिया में तहसीलदार अवनीश कुमार के सामने दस शिकायतें आईं। इंदरगढ़ थाने में सीओ डा. प्रियंका बाजपेई ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान छह शिकायतें आईं, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया। उधर, गुरसहायगंज में छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, उप निरीक्षक रोबिन सिंह, रविंद्र कुमार, आनंद कुमार मिश्रा, प्रदीप त्यागी, आशीष कुमार सिंह, लेखपाल कौशल पांडेय आदि मौजूद रहे।

तिर्वा कोतवाली में फरियादियों की शिकायत सुनते एसपी अमित कुमार आनंद।

नगर का गौरव तिरंगा पार्क : अर्चना पांडेय

छिबरामऊ। सौरिख तिराहे पर नवनिर्मित तिरंगा पार्क में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने 100 फीट ऊंचाई वाले पोल पर तिरंगा फहराने के बाद कहा कि तिरंगा पार्क हमारे नगर का गौरव साबित होगा। उन्होंने इसे बनाने के लिए पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे को बधाई दी। उन्होंने तिरंगा पार्क के निर्माण में लगे अभिषेक दीक्षित, हिमांशु मिश्रा व राजू टेंट की टीम सहित गणमान्य नागरिकों को भी सम्मानित किया। कथा वाचक आचार्य प्रशान्तानंद चंदन ने कहा हम सब भारतीय हैं।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक संपूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

बैठक

जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में मनेगा वार्षिकोत्सव, होंगे खेलकूद

पहली बार मंच पर छात्रों संग सम्मानित होंगे अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। इस वर्ष जिले के सभी 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव मनेगा। पहली बार मंच पर छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी सम्मानित किए जाएंगे। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होंगी। सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभिभावकों के बैंक व डाकघर खातों में भेजे गए बच्चों के यूनिफार्म के 1200-1200 रुपये उसी मद में खर्च करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कंचन वर्मा ने इस बाबत पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम होंगे। इसमें बच्चों के स्कूलों में नामांकन बढ़ाने, उपस्थिति व ठकराव में बढ़ोत्तरी के लिए वार्षिकोत्सव व अभिभावकों की बैठकें होंगी। बताया है कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं के अलावा उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत संपर्क किया जाएगा। विद्यालयों में सुबह 10 से एक बजे तक वार्षिकोत्सव व अध्यापक और अभिभावक की बैठक होगी। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों, पुरातन छात्रों, प्रतिनिधि पंचायत राज, स्थानीय प्राधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व अन्य प्रभावशाली लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बच्चों के लिए खेल सामग्री व दौड़ प्रतियोगिता के लिए ट्रैक बनाया जाएगा। सीडीओ की ओर से जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम बनाई जाएगी, जिसमें 10 फीसदी विद्यालयों के कार्यक्रमों का अनुश्रवण किया जाएगा। एसएमसी सदस्यों को भी प्रतिभाग कराया जाएगा। कहानी, कविता आदि की प्रतियोगिता होगी। पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

विकास भवन सभागार में बैठक करते प्रभारी सीडीओ एनडी द्विवेदी व बीएसए उपासना रानी वर्मा और अन्य। अमृत विचार

30 व 31 को होंगे कार्यक्रम

30 जनवरी को छिबरामऊ, हसेरन, उमर्दा व जलालाबाद के सभी परिषदीय स्कूलों में वार्षिकोत्सव होंगे। 31 जनवरी को कन्नौज नगर क्षेत्र समेत कन्नौज, सौरिख, गुगरापुर, तालग्राम क्षेत्र के विद्यालयों में कार्यक्रम होंगे। इसके लिए बीईओ को नोडल अधिकारी व बीडीओ को समन्वय अधिकारी नामित किया गया है। नगर क्षेत्र की जिम्मेदारी ईओ व बीईओ को मिली है।

ये होंगे खेलकूद कार्यक्रम

कक्षा तीन से पांच तक के छात्र-छात्राओं की 50 व 100 मीटर दौड़, कक्षा पांच से आठ तक के छात्र-छात्राओं की 100 व 200 मीटर दौड़, सभी बच्चों की चार वाई 100 मीटर की रिले रेस, अभिभावकों की भी रिले रेस व दौड़ या अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं, निपुण बच्चों व परीक्षा परिणाम के आधार पर बच्चों व अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा।

इन विषयों पर होगी बैठक

अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बैठक में डीबीटी, निपुण भारत, ऑपरेशन कायाकल्प, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का शारदा कार्यक्रम, दिव्यांग बच्चों के लिए समर्थ कार्यक्रम, विद्यालय प्रबंध समिति विषयों पर चर्चा होगी।

- सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए अभिभावकों के साथ बैठक भी होगी

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
(Establishment Under Govt. of U.P. Act 26 of 2016)
VACANCIES OPEN | ASSISTANT PROFESSORS
Bareilly International University invites applications from committed and passionate individuals for Assistant Professors for its constituent Colleges – BIU College of Management and BIU College of Humanities & Journalism in the following domains:

BIU College of Management	Commerce
BIU College of Humanities & Journalism	Mass Communication

Qualification & Experience: As per UGC Norms
Remuneration: Faculty Members will be placed in a suitable pay structure commensurate with their qualifications and experiences.
Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to principal.bcm@biu.edu.in / principal.hj@biu.edu.in
Bareilly International University, RMCH Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India

समस्त जनपद वासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनायें

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

पेशकार सिंह यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत किराचन (गढ़ैया)
प्रदीप कुमार दीक्षित
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खंड राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

राजीव कुमार सुमन
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खंड राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

गगन दीप सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
कायमगंज फर्रुखाबाद

C. P. VIDYA NIKETAN
A Day cum Residential, Co-ed School
Late Shri C.P. Agarwal
Founder
AFFILIATED TO CISCE, NEW DELHI
School Code: UP102
Let your child grow with us
For all round development
Admission Open
Session: 2024-2025
First Entrance Test:
25 Feb. 2024 (Sunday)
Second Entrance Test:
17 March 2024 (Sunday)
Happy Republic Day
26 January 2024
Kampil Road, Kaimganj
Farrukhabad - 209502
Mob.: 8004577758
Email: cpvnkaimganj@gmail.com

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

देवेन्द्र प्रताप सिंह परमार
सदस्य जिला पंचायत
वार्ड नम्बर 4 विकास खंड राजेपुर

राकेश सिंह परमार
प्रधान
कोलासोता, विकास खंड राजेपुर
जनपद फर्रुखाबाद

नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा संचालित आश्रम
गृह (रैन बसेरा), निकट टीबी हॉस्पिटल, फतेहगढ़
शहरी बेघरों हेतु रात्रि विश्राम की व्यवस्था उपलब्ध है
रैन बसेरे में आकर नि:शुक्ल रात्रि विश्राम करें।

रविन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
न0पा0परिषद फर्रुखाद

संजय कुमार सिंह
जिलाधिकारी
फर्रुखाबाद

सुभाष चन्द प्रजापति
अपर जिलाधिकारी
(वि0एवं0 रा0)फर्रुखाबाद

वत्सला अग्रवाल
अध्यक्ष
न0पा0परिषद फर्रुखाद

संचालक समिति :- अरूणा आसिफ अली फाउण्डेशन फर्रुखाबाद, मो0-9839629476

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

यदुवंश कुमार
उप जिलाधिकारी
कायमगंज फर्रुखाबाद

आलोक कटियार
तहसीलदार
कायम गंज,फर्रुखाबाद

कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करते जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह। अमृत विचार

जिले में कुछ यूं मना गणतंत्र दिवस

पुलिस लाइन में परेड की सलामी के बाद झंडा फहराते एसपी विकास कुमार।

विकास भवन में ध्वजारोहण करते मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा।

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ में भाग लेते कर्नल बीएसएम व अन्य। अमृत विचार

शेल्टर होम फतेहगढ में ध्वजारोहण करते आबिद मंसूरी, साथ में राकेश चौरसिया, अनीस अहमद, डूडा सीओ जूही शुक्ला आदि।

अमृतपुर कस्बा चौकी में ध्वजारोहण बाद संबोधन। मौजूद प्रधान सचिनदेव, उ.नि. जगभान सिंह, जिपं सदस्य अजय कुमार आदि।

खुदागंज प्राथमिक विद्यालय में झंडारोहण करतीं प्रधानाध्यापक सम्पन्नता सिंह।

थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी के साथ राष्ट्र गान गाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

अपने प्रतिष्ठान पर झंडारोहण करते समाज सेवी जितेंन्द्र सिंह। अमृत विचार

आलूमंडी सातनपुर में झंडारोहण करते एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार।

कायमगंज के सीपी विद्या निकेतन में ध्वज को सलामी देते कैडेट्स व अन्य।

भारी संख्या में कल्पवासी जुकाम-बुखार से पीड़ित

मेला रामनगरिया : आयुर्वेद अस्पताल आए 210 मरीज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में कल्पवासियों पर सर्दी का असर दिखाई पड़ने लगा है। भारी संख्या में कल्पवासी जुकाम व बुखार से पीड़ित हो गए हैं। जिन्होंने मेला रामनगरिया में खोले गए आयुर्वेद अस्पताल में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और परीक्षण उपरांत दवा ली।

मेला में कल्पवास कर रहे रमेश प्रजापति, भानु प्रकाश और देवेंद्र ने बताया कि वह खांसी जुकाम से पीड़ित है। अधिकांश लोग सर्दी की वजह से खांसी जुकाम और बुखार से पीड़ित हो गए हैं। इस संबंध में आयुर्वेद अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा गुप्ता से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मेले में भारी संख्या में लोग जुकाम, बुखार और खांसी से पीड़ित है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि शनिवार को उन्होंने 210 मरीज खांसी, जुकाम, बुखार के देखे हैं। जिन्हें मौके पर दवा दी गई है। उन्होंने कहा कि आज पहले दिन भारी संख्या में ओपीडी में मरीज जाए हैं। इसी तरह से मेला रामनगरिया में एलोपैथिक और होम्योपैथिक अस्पताल में भी खांसी ,जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। इन्हें यहां अस्थायी रूप से कैंप किए चिकित्सकों ने देखर उपचार भी दिया। मेला प्रबंधक संदीप दीक्षित का कहना है कि सर्दी अधिक होने की वजह से लोग खांसी, जुकाम से पीड़ित हो रहे हैं। फिलहाल मेले में कोई बड़ी बीमारी नहीं फैल रही है। इस तरह की बीमारियां होती ही रहती हैं।

मरीजों को देख रहीं डॉ. नेहा गुप्ता। अमृत विचार

आलू बेच कर आ रहे दो किसानों की मार्ग दुर्घटना में मौत

अमृतपुर-फर्रुखाबाद। ट्रैक्टर से पड़ोसी जिला शाहजहांपुर से आलू बेच कर घर आ रहे दो किसानों की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया।

अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चपरा निवासी रनवीर(32) पुत्र ओमकार अपने ट्रैक्टर मे आलू भरकर पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के जलालाबाद मंडी मे बेचने गया था। उसके साथ गांव का ही निवासी नीरज(40) पुत्र रामशरण भी गया हुआ था। दोनो आलू बेचकर जालाबाद से वापस घर आ रहे थे।

रास्ते मे ग्राम नौगवां जलालाबाद जिला शाहजहांपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खड्ड मे जा गिरा। ट्रैक्टर ड्राइवर रनवीर व नीरज की मौत हो गई। दोनो की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। एक साथ हुई दो मौतों से गांव चपरा मे सन्नाटा पसर गया। रनवीर की पत्नी मीना और नीरज की पत्नी माला का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर दोनों के परिजन घटना स्थल पहुंच गए हैं।

सड़क-शौचालय निर्माण में धांधली की जांच

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- एसडीएम सदर के नेतृत्व में टीम ने कई घंटे टटोली सच्चाई

अमृत विचार। पिछले कार्यकाल में बनी नगर पालिका की सड़कों, शौचालय में गड़बड़ी की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर के नेतृत्व में टीम ने कई घंटे जांच की।

नगर पालिका के पिछले कार्यकाल में 2022 को सभासदों व नगर के कुछ लोगो ने उच्चाधिकारियों को कई सड़क, पुलगालिब स्थित फौवारा व शौचालय, टयूबवेल कार्य में गड़बड़ी की शिकायत हुई थी। इसको लेकर कई बार जांच हो चुकी है। 26 जनवरी को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर गजराज सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरीश बाजपेई, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण विनोद कुमार, सहायक कोषाधिकारी अखिलेश चंद्र अग्रवाल टीम के साथ नगर पालिका परिषद पहुंचे। जहां शिकायतों से संबंधित अभिलेखीय जांच की। उसके बाद टीम पुलगालिब के समीप पेट्रोल के सामने शौचालय पहुंची। उसकी गुणवत्ता देखी। शौचालय में लगे टायल को चेक किया। दीवारो के साथ ही छत भी चेक की। दीवार में कई जगह दरारे भी देखी। उसके बाद टीम ने नोनियमगंज स्थित क्रय विक्रय समिति से नलकूप तक सड़क की जांच की। उसके बाद टीम नगर के मोहल्ला पाठक नई कालोनी पहुंची। जहां मोहल्लेवासियों से पूछा कि यह गली कितनी बार बनी है तो ज्यादातर लोगो ने दो बार सड़क बनने का जिक्र किया जिसे टीम ने अपनी डायरी में नोट किया। इस संबंध में एसडीएम ने बताया पिछले कार्यकाल शिकायते है। जिलाधिकारी के निर्देश नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले कई सड़को समेत कई अन्य कार्यो की जांच की गई है। प्रथम दृष्टया सड़के सही है लेकिन तकनीकी रूप से जांच की जाएगी। जांच आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

सार-संक्षेप

जिला जेल में बंदी की आकस्मिक मौत

फर्रुखाबाद। जिला जेल फतेहगढ़ में बंद बंदी की आकस्मिक मौत हो गई। मृत अवस्था में बंदी रक्षक उसे लेकर डॉक्टर राम मनोहर लोहियाला अस्पताल आये। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कृष्ण कुमार ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। थाना कमालगंज के गांव बसायतपुर के रहने वाले रामविलास (62) पुत्र चतुरी लाल हत्या के एक मामले में जिला जेल में पिछले 6 साल से बंद थे। अभी हाल ही में न्यायालय ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। शनिवार को रामविलास की हालत एकाएक बिगड़ गई। गंभीर अवस्था में जब तक बंदी रक्षक उन्हें लोहिया अस्पताल लाते तब तक उसकी मौत हो गई । बंदी रक्षक पवन कुमार मृत अवस्था में बंदी रामविलास को लोहिया अस्पताल लाये जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि उन्हें इस सम्बंध में कोई जान कारी नही है। वह इस समय दिल्ली में मौजूद हैं। कादरी गेट थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया को लोहिया अस्पताल बंदी की मौत की सूचना मिली है। शव का पोस्ट मार्टम कराया जाएगा।

कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली

फर्रुखाबाद। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेसियों ने ब्लॉकों से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। ब्लॉक राजेपुर में कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार गंगवार के नेतृत्व में यात्रा निकली। यात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा पर भड़ास निकाली। शिवाशीष तिवारी, दीपक मिश्र व शिशुपाल कुशवाह रहे। ब्लॉक बढ़पुर के गांव मसेनी से भी यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि प्रकाश प्रधान, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, डालचंद्र कठेरिया, अनिल मिश्र, अंकुर मिश्र व हिलाल शफीकी आदि रहे। ब्लॉक कमालगंज के ग्राम सभा सर्फाबाद गुलरिया में अर्चना राठौर के नेतृत्व में यात्रा निकली। कैलाश यादव, मयंक गंगवार, दिलीप, सचिन व खालिद उस्मानी आदि रहे। ग्रामसभा नीबलपुर में भी यात्रा निकाली गई। वरुण त्रिपाठी, धर्मेंद्र शाक्य, मनोज कुमार व सुमित कुमार आदि रहे।

विधायक ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

राजपुर फर्रुखाबाद। ब्लाक राजेपुर के ग्राम पंचायत लीलापुर में विधायक सुशील कुमार शाक्य के द्वारा स्मार्ट क्लास और नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया।नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के कार्य को लेकर ग्राम प्रधान उदयभान सिंह की भी सराहना की। सीडीपीओ नवीन चंद के ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी । जिसमें जैविक कृषि संबंधित योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। प्रधान प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गांव का विकाश हमारी प्रथम प्राथमिकता है । बही पर ग्राम प्रधान उदयभान सिंह और उन के प्रतिनिधि उदय प्रताप के द्वारा गरीब लोगो को कंबल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी और सहयिका मधुबाला राठौर,देवकी देवी,आशा देवी,विद्यालय से इंचार्ज अंजुल सिंह, प्रीती,अनुज कक्कड़,भाजपा के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सहसंयोजक भास्कर दत्त द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह, नीरज अवस्थी, मोनू सोलंकी,संदीप सोलंकी, ओमवीर सिंह, हनुमानबक्स सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

समाधान दिवस पर एक को मिला मौके पर न्याय

कायमगंज फर्रुखाबाद। थाना-दिवस कोतवाली परिसर में प्रभारी रामअवतार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस बीच कानूनगो जगदीश कुमार भी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । आई हुई शिकायतों की जांच कर समय से निस्तारण करने के लिए कहा। क्षेत्र के धर्मेन्द्र कुमार पुत्र कैलाश चंद्र निवासी मुडौल ने गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में शिकायत की है। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी कुंती घर से बाजार जा रही थी ।रास्ते में गांव के ही अनुज पुत्र भगीरथ,सागर पुत्र अशोक ने बिना वजह गालियां देने लगे। पत्नी व बच्चे ने इसका विरोध किया तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो गये। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से गुहार लगायी कि उसकी रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए इसी प्रकार क्षेत्र की लज्जावती पत्नी स्व :तुलाराम निवासी ग्राम हसनगंज बजीरआलम कुंआखेडा के पुत्र बालकराम ने अपनी पैतृक जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ शिकायत की । उन्होंने कहा कि हमारी पैतृक जमीन पर देशराज के पुत्र मुकेश तथा राजू ने जबरन कब्जा कर लिया है। कुल 5 शिकायती पत्र आये जिसमें एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

क्रिकेट में एफएससी क्लब ने पुलिस लाइन इलेविन को दी करारी शिकस्त

फर्रुखाबाद। ब्लॉक बढ़पुर क्षेत्र के गांव याकूतगंज स्थित डीके स्पोर्ट्स एकेडमी में स्व. एपीजे अब्दुल कलाम क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। पहले मुकाबले में फर्रुखाबाद एफएससी क्लब ने पुलिस लाइन इलेवन फतेहगढ़ को करारी शिकस्त दी। बंटू यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शनिवार को शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन पूर्व ब्लॉक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी ने किया। पुलिस लाइन इलेवन के कप्तान गौरव कसाना ने टॉस जीता और फील्डिंग चुनी। बैटिंग करने आई फर्रुखाबाद एफएससी की टीम ने 20 ओवर में 163 रनों का स्कोर खड़ा किया। पुलिस लाइन इलेवन फतेहगढ़ की टीम 140 रनों पर ही ढेर हो गई। अंपायरिंग राज वर्मा व शिव मोहन ने की। इस अवसर पर दानिश, राशिद, कासिम आदि रहे।

युवक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

- मार्ग दुर्घटना में हुसैनपुर के युवक की गुरुग्राम में मौत

अमृत विचार। पिछले तीन महीने से रोजी रोटी की तलाश में घर से गये युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। शनिवार को शव घर आते ही कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर हुसैनपुर निवासी विश्वेश्वर दयाल श्रीवास्तव का पुत्र राजीव कुमार(30) उर्फ लालू तीन माह पूर्व घर से गया था । वह हरियाणा के गुरुग्राम में प्राइवेट फैक्ट्री में पिकअप चलाता था। 25 जनवरी को शाम 9:30 बजे पत्नी अंजू ने फोन किया तो पति राजीव कुमार ने बताया कि वह अभी जाम में फंसा है। बाद मे बात करेगा। इसके बाद कुछ ही देर बाद अज्ञात वाहन से टक्कर होने के कारण उसकी मौत हो गई। रात 11 बजे सूचना परिजनों को दी गई। 27 जनवरी की सुबह 4 बजे मृतक का शव गांव आया। परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विश्वेश्वर दयाल के कोई संतान नहीं थी। उन्होंने अपने साढू रामवीर निवासी भावर थाना पचदेवरा जिला हरदोई के बड़े पुत्र राजीव को गोद लिया था। मृतक चार भाई एक बहन मे सबसे बड़ा था। उसका पालन पोषण विश्वेश्वर दयाल के घर पर ही हुआ था। भाई शेर सिंह, कुलदीप, पुनीत मां छोटी बिटिया बहन प्रीति पत्नी अंजू तथा पालन पोषण करने वाली मां मुन्नी देवी का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक अपने दो मासूम पुत्रों रुद्र(6) प्रियांश (5) को अपने पीछे छोड गया। पत्नी अंजू रो रो कर कह रही थी कि अब इन बच्चों की परवरिश कौन करेगा। गोद लेने वाली मां मुन्नी का रो-रो कर बुरा हाल था। तीन महीने पहले पिता विश्वेश्वर दयाल की मौत हो गई थी।

बैठक भाजपा कार्यालय में कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू का संबोधन

भाजपा कार्यकर्ताओं को कराएंगे प्रभु श्रीराम के दर्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आवास-विकास स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुटने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जाएंगे।

केंद्र सरकार ने प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छत्तीस पंचायतों के प्रधानों को उनकी पत्नी/पति सहित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए विशेष आमंत्रण दिया था जिसमे जनपद के ब्लाक भाग्यनगर की एक मात्र ग्राम पंचायत कोठीपुर के ग्राम प्रधान अमरेश पांडे और उनकी पत्नी रचना पांडे भी शामिल थीं शुक्रवार को दिल्ली में हुए गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्रीय पंचायती राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने ग्राम प्रधान को शाल ओढ़ाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया।

समारोह में पत्नी रचना पांडेय के साथ बैठे कोठीपुर के प्रधान अमरेश पांडे। अमृत विचार

- प्रदेश में कोठीपुर ग्राम पंचायत को अव्वल बनाएंगे : अमरेश

सम्मान पाकर अभिभूत हुए ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पंचायती राज मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस परेड जो वह टीवी पर देखा करते थे, उसका प्रत्यक्षदर्शी बनना बहुत अच्छा लगा। एक विकसित भारत को वहां कर्तव्य पथ पर देखकर बहुत ही आनंद आया और अच्छे से अच्छा करने की प्रेरणा मिली इस कर्तव्य को पंचायत स्तर पर पूरा करने के लिए वह पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए कोठीपुर को प्रदेश में अव्वल पंचायत बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिशा में वह कार्ययोजना भी बना रहे हैं।

मतदाताओं को ईवीएम से वोटिंग का तरीका समझाया

अजीतमल-औरैया। तहसील क्षेत्र के कई गांवों में ईवीएम मशीन में वोट डालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिसमें ग्राम साफर, सैदपुर, रतनपुर गढिया, लाल का पुरवा, बरीपुरा आदि गांव के मतदाताओं को ईवीएम मशीन में सही जानकारी दी गई।

बताया कि यदि आप वोट जिसमें भी डालते हैं, वोट उसी में जाता है। वहां के लोगों को ईवीएम से वोट डलवाकर जागरूक किया गया। सभी को बताया गया कि वोट ईवीएम से गलत नहीं सही पड़ता है।

सार-संक्षेप

बैलगाड़ी रैली निकालते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी। अमृत विचार

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने निकाली रैली

अजीतमल-औरैया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने अजीतमल तहसील क्षेत्र के बाबरपुर कस्बे में ट्रैक्टर, बैलगाड़ी रैली निकाली गई। जिलाध्यक्ष विपिन राजपूत की अध्यक्षता में किसानों और देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। पुलिस प्रशासन ने रैली में भरपूर सहयोग किया। सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। इस रैली में ध्यान सिंह राजपूत, केशव सिंह यादव ब्लाक अध्यक्ष, रमेश पाल, श्री राम कुशवाह, अनुराग राजपूत, लल्ला, इकबाल खां आदि मौजूद रहे।

पोप के शतक से संभला इंग्लैंड, 6 विकेट पर 316 रन बनाए

हैदराबाद, एजेंसी

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के शतक से शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में 6 विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके बस 4 विकेट बचे हैं।पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी।

भारत के खिलाफ पोप का पहला शतक

पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरिअर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया। फोक्स ने भी दूसरे छोर से उनका पूरा साथ निभाया। यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में स्पिन को बखूबी खेलने वाला दूसरा बेहतरीन खिलाड़ी है। अक्षर पटेल ने नीची गेंद पर फोक्स को बोल्ड किया।

संयमित बल्लेबाजी कर संभाली लड़खड़ाती पारी

पोप ने आरजीआई स्टेडियम में संयम दिखाया और भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे, जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। ऐसा नहीं था कि पोप ने स्पिनरों पर दबदबा बनाया हुआ था। वह कभी स्पिनरों तो कभी तेज गेंदबाजों की गेंदों से परेशान दिखे। जब वह 110 रन पर थे तो उन्हें जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में वह बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर अक्षर पटेल के हाथों आउट होने से बचे।

गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो रही पिच

पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न और ग्रिप मौजूद थी और साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग का भी संकेत दिखा लेकिन उन्होंने अपने कौशल से मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (47) को आउट करने में सफलता हासिल की और फिर नीची रहती गेंद से जो रूट (2) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा ने लंच के बाद जॉनी बेयरस्टो (10) को आउट किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं दफा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का विकेट लिया।

निशानेबाजी में रिदम और उज्ज्वल ने जीता सोना

काहिरा, एजेंसी

रिदम सांगवान और उज्जवल की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है। रिदम और उज्ज्वल की जोड़ी ने 580 अंक से अर्मेनिया की जोड़ी से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। अर्जुन और सोनम की जोड़ी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में ब्रिटेन के डीन बेल और सियोनेड मैकिंतोश से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही। अनुराधा ने आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान से फाइनल में जगह बनाई। अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले (छह में से पहला) आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया।

अनुराधा ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान भी महिलाओं के फाइनल में पहुंची लेकिन चौथे स्थान पर रहीं। अनुराधा ने 575 अंक से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में उन्होंने कजाकिस्तान की इरिना युनुस्मेतोवा को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। अनुराधा 239.9 के स्कोर से कोराकाक्की से 1.2 अंक पीछे रहीं। अन्य भारतीयों में मनु भाकर महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में 15वें स्थान पर रहीं। उज्ज्वल मलिक और रविंदर सिंह भी शीर्ष आठ से बाहर रहे। पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में कोई भी भारतीय फाइनल तक नहीं पहुंच सका। जोरावर संधू 12वें स्थान पर रहे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में राजेश्वरी कुमारी 13वें स्थान पर थीं।

रोहन बोपन्ना बने ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी

ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इटली की जोड़ी को हराया

मेलबर्न, एजेंसी

43 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर भारत के रोहन बोपन्ना ने इतिहास रच दिया है। वह इस उम्र में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।

जूलियन रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ा

इस खिताब के साथ ही बोपन्ना ने उच्चमैन जीन जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना भारत के लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे। मार्टिना नवरातिलोवा, जिन्होंने 49 साल और 10 महीने की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।

आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बनीं

मेलबर्न। आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के फाइनल में झेंग क्विनवेन पर शनिवार को 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। सबालेंका ने दूसरे गेम में झेंग की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में झेंग की एक बार फिर से सर्विस तोड़ने के बाद उन्होंने मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा। सबालेंका 40-0 की बढ़त के साथ सर्विस कर रही थी तब उनके पास तीन चैंपियनशिप अंक थे। वह इसके बाद दो वाइड शॉट मार बैठी और फिर झेंग की चतुराई से इसे भुनाने में चुक गई। झेंग को ब्रेक प्वाइंट का मौका देने के बाद सबालेंका ने शानदार वापसी की और तीन अंक जुटाए।

दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत महिला विश्व कप के फाइनल में

मस्कट, एजेंसी

आज फाइनल में नीदरलैंड से होगा भारत का मुकाबला

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7'), मारियाना कुजूर (11'), मुमताज खान (21'), रुतुजा दादासो पिसल (23'), ज्योति छत्री (25') और अजीमा कुजूर (26') ने गोल किए। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5'), कप्तान टोनी मार्क्स (8') और डिर्की चेंबरलेन (29') ने गोल दागे। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत रक्षात्मक रवैये के साथ की। दक्षिण अफ्रीका की टेशॉन डी ला रे ने गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुए गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारत की मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी। खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक शॉट लिया और स्कोर 6-2 से भारत के पक्ष में कर दिया।

खेल डायरी

अलीरेजा से ड्रॉ खेलकर गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

विज्क आन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए है, जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ शीर्ष तीन स्थान पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया। वह 6.5 अंक के साथ आर प्रज्ञानानंदा, चीन के वेई यी और हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा और अलेक्जेंडर डोनचेंको का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के लियोन ल्यूक मेंडोंका शीर्ष स्थान की दौड़ में बने हुए है।

हार्दिक पंड्या ने शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

वडोदरा। हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं। जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा कि खेल में वापसी करके अच्छा लग रहा है। उनकी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान पर दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद 15 दिसंबर को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

लवकेश बंसल ने ठोका पहला प्रथम श्रेणी शतक

नई दिल्ली। लवकेश बंसल (नाबाद 140 रन) के पहले प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत सेना ने शनिवार को रणजी ट्राफी ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन सौराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी में 6 विकेट पर 466 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। लवकेश ने 385 गेंद में 15 चौके जड़े। वह और अर्जुन शर्मा (नाबाद 53) 132 रन की नाबाद साझेदारी कर चुके हैं। सेना ने चार विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया। शुभम रोहिल्ला 10 रन जोड़कर 153 रन पर आउट हो गए। लवकेश ने फिर पुलकित नारंग (10) के साथ 35 रन जोड़ने के बाद अर्जुन के साथ नाबाद साझेदारी निभाई। सौराष्ट्र ने आठ गेंदबाजों को आजमाया लेकिन वे इस भागीदारी को नहीं तोड़ सके। रांची में चल रहे एक अन्य मैच में विदर्भ ने झारखंड को 150 रन पर समेटकर दूसरी पारी में एक विकेट पर 166 रन बनाकर बढ़त 220 रन की कर ली।

दीप ग्रेस एक्का ने किया हॉकी से संन्यास का एलान

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अपने अंतर्राष्ट्रीय कॅरिअर से संन्यास की घोषणा की। दो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली दीप ग्रेस ने 2011 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह बेहद कृतज्ञता और विनम्रता के साथ आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर रही हैं। 2011 से 2023 तक की यात्रा जीवन का मुख्य आकर्षण रही है और खेल के शिखर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो ओलंपिक में भारत को क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की रक्षा पंक्ति में अहम भूमिका निभाई थी, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। एक्का 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की भी सदस्य थी। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। वह 2016 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 एशिया कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों की सदस्य भी थी। एक्का ने अपनी यात्रा 17 साल की उम्र में 2011 में शुरू की जब उन्होंने अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट में पदार्पण किया।

श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी के क्वार्टरफाइनल में, मनिका हारीं

मापुसा (गोवा),एजेंसी

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शनिवार को शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामत को हार का मुंह देखना पड़ा।

हैदराबाद की अकुला ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर जीत हासिल की। वहीं भारत की मनिका को जियाओजिन यांग से हार मिली। महिला एकल के अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को पराजित किया था। मनिका ने दक्षिण कोरिया की सुह हयो वोन पर आसान जीत हासिल कर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

भारत के मानव ठक्कर और मानुश शाह की जोड़ी को पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के काओ चेंग जुई और चुआंग चिह युआन से 1-3 (7-11 11-7 8-11 9-11) से हार मिली। महिला युगल के अंतिम आठ में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन और इयोन झि ने सयाली वाणी और तनीषा कोटेचा की जोड़ी को 3-0 से मात दी।

रेनाता जामरिचोवा और रेई साकामोतो ने जीता जूनियर खिताब

मेलबर्न, एजेंसी। रेनाता जामरिचोवा ने शनिवार को 15 वर्षीय एमर्सन जोन्स पर 6-4, 6-1 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर बालिका एकल खिताब जीता। जामरिचोवा ने मुकाबले में जीत से अपना पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीता। 16 साल की इस स्लोवाकियाई खिलाड़ी जामरिचोवा ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में जूनियर युगल खिताब जीता था। लड़कों के फाइनल में जापान के चौथे वरीय रेई साकामोटो ने एक सेट से पिछड़ते हुए चेक गणराज्य के जान कुमस्टाट को दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 7-6(2), 7-5 से मात देकर जूनियर खिताब जीता।

दक्षिण अफ्रीका को रौंदकर भारत ने बढ़ाया विजय रथ

केपटाउन, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम ने 3-0 से दर्ज की शानदार जीत

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार रात मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। भारत ने आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और मैच के पहले आधे घंटे में ही एक के बाद एक 3 गोल दागकर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह दूसरे मिनट में गोल दागा, जबकि अभिषेक ने 13वें और सुमित ने 30वें मिनट पर गोल कर टीम को जीत दिलाने में मदद की।

मैच की शुरुआत भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिलने के साथ हुई, जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया। पहले क्वार्टर में कुछ ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा।

मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।

खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की तलाश जारी रखी लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 3-0 से आसान जीत हासिल की। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

बॉलीवुड हलचल

कंगुवा में सूर्या के साथ नजर आएंगे बॉबी देओल

अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएंगे। बॉबी देओल के जन्मदिन पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा कि निर्दयी ताकतवर, अविस्मरणीय। फिल्म में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

कार्तिक आर्यन ने शेयर किया चंदू चैंपियन का पोस्टर

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का नया लुक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्तिक इसमें आर्मी की वर्दी में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फाइटर ने दो दिनों में की 65 करोड़ की कमाई

अभिनेता ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर ने दो दिनों में 65 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 41.20 करोड़ का कलेक्शन किया।

इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी कंगना

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया था। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह ने दिया है। इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।

सिल्वर-गोल्डन जुबली का जमाना गायब हो गया

30 से 80 तक के सालों में सिनेमा हॉल ठसाठस भरे रहते थे। नब्बे में वीसीआर और पायरेटेड वीडियो कैसेट्स ने सिनेमा जगत में भारी उथल-पुथल मचा दी। सिनेमा देखने वालों की संख्या घटने लगी लेकिन इसके बावजूद मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा ही रहा। उस दौर में सफलता का एकमात्र पैमाना होता था फिल्म का लंबी अवधि तक सिनेमा हॉल में चलना। आठ हफ्ते से लेकर पंद्रह हफ्ते यानी 100 दिन फिल्म चल गई तो समझो पैसा वसूल। लो-बजट की फिल्म हुई तो समझिए हो गई हिट। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मार्किट में स्थापित हो गए और फिर 25 हफ्ते यानी सिल्वर जुबली हो गई। सुपर-डुपर फिल्म का मतलब होता था 50 हफ्ते यानी गोल्डन जुबली। साल में चार-पांच फिल्में ही वास्तविक सिल्वर जुबली तक पहुंचतीं थीं। घिसट-घिसट कर जुबली तो कई मना लेतीं। मुगल-ए-आजम, बॉबी, पाकीजा, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, अंखियों के झरोखों से आदि अनेक फिल्मों की गोल्डन जुबली कई बड़े शहरों में हुई। राजश्री की लो-बजट राजा और रंक ने बनारस और लखनऊ में एक साल तक खूब धूम मचाई। 1943 में रिलीज हुई बॉम्बे टॉकीज की किस्मत कलकत्ता के रॉक्सी थिएटर में 187 हफ्ते चली। इस रिकॉर्ड को 1980 में शोले ने मुंबई के मिनर्वा में लगातार पांच साल तक चल कर तोड़ा। इससे पहले राजकपूर की बरसात 1951 में दो साल तक चली। के आसिफ की मुगले आजम भी तीन साल तक मुंबई के मराठा मंदिर में चल गई। फिल्म को हिट बनाने का श्रेय उन लाखों दर्शकों को जाता था जो फिल्म को बार-बार देखते थे। सुना है कि मशहूर पेंटर दिवंगत फिदा हुसैन ने हम आपके हैं कौन 60 मर्तबा देखी थी। इस शताब्दी के उदय के साथ ही सिनेमाहाल बंद होने लगे तो चार से लेकर सात स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स और सिनेप्लेक्स का जमाना आ गया। फिल्म का रन हद से हद से पांच-छह हफ्ते रहता है। अब तो बस गिना जाता है कि हफ्ते भर का कलेक्शन कितना हुआ। हां, कुछ फिल्में अपवाद भी रहीं, इसमें 1995 में रिलीज हुई दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने मुंबई के मराठा मंदिर में 1009 हफ्ते तक लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया। पिछले साल 20 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते जब सिनेमा बंद कर दिए गए तो यह फिल्म 1251 हफ्ते चल चुकी थी यानी करीब 24 साल। कोरोना हलका पड़ा तो ये फिर रिलीज हुई और 2023 तक चलती रही अगर कुछ छोटी छोटी रुकावटों को नजरअंदाज किया जाए तो यह कुल 28 साल चली।

– वीर विनोद छाबड़ा

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

दुनियाभर में भारतीयों ने मनाया गणतंत्र दिवस

अफ्रीका: बड़ी संख्या में एकत्रित हुए लोग, महावाणिज्यदूत महेश ने कहा- अफ्रीका के बीच गहरे संबंध

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के प्रमुथ नेताओं ने राजदूतों ने भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दीं। पुतिन ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत का अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में उचित प्रभाव से महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने में 'सक्रिय भूमिका' निभा रहा है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्यदूतावास में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने दक्षिण अफ्रीकी प्रवासी सम्मान पुरस्कार विजेताओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। तीन दक्षिण अफ्रीकी प्रवासी सम्मान पुरस्कार विजेताओं ने स्वागत समारोह में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गहरे संबंधों पर चर्चा की। समारोह के दौरान प्रेसीडेंसी में पूर्व मंत्री डॉ एसोप पहाड़ ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मिशनों द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में शामिल होना हमेशा एक विशेषाधिकार था क्योंकि भारत के साथ संबंध अफ्रीका से महात्मा गांधी के समय से चले आ रहे हैं।

अमेरिका: भारतीय राजनायिक संधू ने किया ध्वजारोहण

वाशिंगटन। अमेरिका में भी भारत का 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दिन वाशिंगटन डीसी शहर में भारतीय दूतावास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर दूतावास के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं ने भाग लिया। वहीं, देश के शीर्ष राजनयिक तरणजीत सिंह संधू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और समुदाय के नेताओं और दूतावास के अधिकारियों का संबोधन किया। उन्होंने कहा कि भारत आज शांति, स्थिरता, नवाचार और समृद्धि के प्रतीक के रूप में खड़ा है। संधू ने आगे कहा, 'भारत ने दुनिया को साबित कर दिया है कि विज्ञान और आध्यात्मिकता एक साथ आ सकते हैं। प्राचीन और आधुनिक एक साथ आ सकते हैं। एकता और विविधता या भौतिक और डिजिटल एक साथ जुड़ सकते हैं। द्विपक्षीय मित्रता और बहु-पार्श्व संबंध एक साथ जुड़ सकते हैं।

गणतंत्र दिवसः कार्यक्रम में आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने पर दो निलंबित

तिरुवनन्तपुरम। केरल हाई कोर्ट ने अपने दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं।

बर्खास्त दोनों अधिकारियों में से एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दूसरा कोर्ट कीपर है। कोर्ट के रजिस्ट्रार ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दोनों बर्खास्त अधिकारियों को सभी सरकारी सुविधाएं, जिनमें उनका आई कार्ड भी शामिल है फिलहाल लौटाने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार विजिलेंस को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

क्षुद्रग्रह रयुगु के नमूनों ने किया पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का खुलासा

वैज्ञानिकों ने कहा-धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई

नैनीताल कार्यालय



क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु, साथ में कार्बनिक अणुओं की तस्वीर।

अमृत विचार : पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के रहस्य का आज भी खुलासा नही हो पाया है, लेकिन इस इस रहस्य की कड़िया जुड़ती नजर आ रही हैं। क्षुद्रग्रह रयुगु से प्राप्त नमूनों से यह जानकारी मिली है कि धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी।

इस खुलासे में जापान के हायाबुसा 2 मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। जिसने 2018 में स्पिनिंग-टॉप जैसी अंतरिक्ष चट्टान रयुगु की का अध्ययन करने के अलावा उसकी सतह सामग्री धूल, मिट्टी व पत्थर एकत्र करने में लगभग 18 महीने इस पिंड की धरती पर बिताए थे। एकत्र किए नमूने मिलने के बाद वैज्ञानिको ने आगे का अध्ययन किया। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नमूने अभूतपूर्व हैं और हमारे सौर मंडल के बारे में जानकारी का नया खजाना साबित हुआ है। जिसमें मिले कार्बनिक पदार्थ महत्वपूर्ण सुराग हैं। जिनसे पता चलता है कि धूमकेतुओं द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी। वैज्ञनिकों का दावा है कि कार्बनिक अणुओं ने हमारे ग्रह पर जीवन को जन्म दिया, वही प्राचीन धूमकेतुओं द्वारा यहां लाए गए थे।

पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है रयुगु

क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु के नाम से जाना जाता है, जो 870 मीटर चौड़ा है। यह पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है। इसमें सुरक्षात्मक वातावरण का अभाव है। इसका मतलब है कि इसकी सतह सीधे अंतरिक्ष के संपर्क में है और अंतरग्रहीय धूल को खुद में समेटने में सक्षम है। तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस के सहायक प्रोफेसर मेगुमी मात्सुमोतो के नेतृत्व में यह खोज हुई है। उनका कहना है कि यह कार्बनिक पदार्थ अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाए गए जीवन के छोटे बीजरूपी कण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज बहुत महत्वपूर्ण है मानी जा रही है। भविष्य में पृथ्वी पर जीवनी की उत्पत्ती को बताने में आसान करेगी।

एक नजर

महाशिवरात्रि पर शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण



जाजपुर। ओडिशा के जाजपुर जिले में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की 123 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा बरहा क्षेत्र विकास परियोजना के तहत बैतरणी नदी के तट पर बरहानाथ मंदिर के पास बनाई जा रही है। श्रद्धालु लिफ्ट या सीढ़ी से चढ़कर भगवान शिव का दर्शन कर सकेंगे।

ईरानः बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सीमा के पास 9 लोगों को मारा

तेहरान। पाकिस्तानी सीमा के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिणपूर्वी ईरान में नौ विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी। किसी भी व्यक्ति या समूह ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के इलाकों पर हमले के बाद संबंध सुधारने के प्रयासों के बीच यह मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में शुक्रवार को कहा गया कि दोनों देशों के राजदूतों ने एक-दूसरे की राजधानी में गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। बलूच अधिकार ने कहा कि पीड़ित पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक आटो मरम्मत की दुकान पर रहते थे, जहां वे काम करते थे।

फ्रांस में आपका स्वागत है, हमारे दोस्तों

फ्रांस आने का दिया न्योता, शानदार मेहमान नवाजी से कायल हुए राष्ट्रपति मैक्रों

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को भारत में अपने शानदार स्वागत के लिए भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का भी न्योता दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, इन्हीं आयोजनों के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही। शुक्रवार को इमैनुएल मैक्रों राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए स्टेट डिनर में भी शामिल हुए।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि 'फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा।

इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।' शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके और इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया।

दरगाह निजामुद्दीन औलिया में कव्वाली का आनंद लेते फ्रांसीसी राष्ट्रपति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मैक्रों भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखी। इसके बाद शाम में वह राष्ट्रपति भवन में स्टेट डिनर में शामिल हुए। इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया।

अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन पर दिया जोर

गुरुवार को जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया। जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

मालदीवः गणतंत्र दिवस की बधाई, तनाव के बीच मुइज्जू का आया बयान

माले। गणतंत्र दिवस के मौके पर मालदीव ने भारत को शुभकामना संदेश भेजा। यह इस मायने में अहम है क्योंकि बीते कुछ हफ्ते से भारत और मालदीव के रिश्ते पहले की तरह सामान्य नहीं हैं। 26 जनवरी को मालदीव की तरफ से जारी बयान में सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना का जिक्र किया गया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की सरकार और जनता की ओर से भारत सरकार और जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंधों की जान सदियों पुरानी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करती है। मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति ने भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग बधाई संदेश भेजे।

मानहानि मामलाः ट्रंप को झटका, 83 मिलियन डॉलर चुकाएंगे हर्जाना

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लेखिका ई. जीन कैरोल से दुष्कर्म एवं मानहानि मामले में उनको अब 83.3 मिलियन डॉलर का हर्जाना चुकानाा होगा। दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयार्क की संघीय अदालत में गवाही दी, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के दौरान नाराज हो गए और कोर्ट रूम से बाहर चले गए।

उनका आरोप था कि लेखिका के यौन शोषण के आरोपों का खंडन करने का केवल तीन मिनट मौका दिया गया। हालांकि, शुक्रवार को उनकी इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी थी। ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने कैरोल के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने बताया कि कैरोल ने झूठी कहानी बनाई थी। उनके वकीलों ने कहा कि कैरोल प्रसिद्धि की भूखी थी और अपनी दुश्मनी होने के चलते खिलाफ बोलने के कारण वह समर्थकों का ध्यान आकर्षित करती थी।

अदन की खाड़ी में जहाज पर हमला, 22 भारतीय क्रू सवार

लाल सागर में हमले के बाद तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा में उठता धुंआ।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना ने कहा- आईएनएस विशाखापट्टनम किया गया तैनात

भारतीय नौसेना ने शनिवार को बताया कि अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी।

भारतीय नौसेना ने कहा कि 26 जनवरी की रात को एमवी मार्लिन लुआंडा का एक संकट कॉल मिला था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अदन की घाड़ी में आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात कर दिया गया है। नौसेना ने बताया कि संकटग्रस्त मर्चेंट वेसल को मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आईएनएस विशाखापट्टनम द्वारा तैनात अग्निशमन उपकरणों के साथ मर्चेंट वेसल पर सहायता भेजा जा रहा है। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस मर्चेंट शिप में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना शिप की सुरक्षा और समुद्र में लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नवाज की पार्टी ने जारी किया घोषणा पत्र, 370 भी शामिल

लाहौर। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले नवाज शरीफ ने शनिवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अन्य वादों के साथ ही भारत से शांति स्थापित करने की कही गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि उसकी पार्टी भारत सहित अन्य देशों को शांति का संदेश भेजेगी। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत को कश्मीर पर अगस्त 2019 में लिए गए अपने फैसले को वापस लेना होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही आतंक के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र को 'पाकिस्तान को नवाज' दो नाम दिया गया है।

जरांगे से मिले शिंदे, समाप्त की भूख हड़ताल

आरक्षण आंदोलन: शिंदे ने कहा जो वादा किया था उसे निभा दिया आपकी जीत हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

मनोज जरांगे पाटिल को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते सीएम एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा विरोध समाप्त हो गया है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे ने शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आरक्षण को लेकर किए जा रहे अनशन को खत्म कर दिया।

जरांगे की सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मैंने जो वादा किया था, वो निभाया है। जरांगे का धरना खत्म होते ही महाराष्ट्र सरकर ने मराठा समुदाय के लोगों के रक्त संबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना उनके लिए लागू होगी जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में मनोज ने सरकार को चेतावनी दी कि 20 जनवरी, 2024 तक आरक्षण दिया जाए अन्यथा वह मुंबई की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी 2024 को अपना मार्च शुरू भी कर किया। 27 जनवरी को सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की और दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने मनोज को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा जो लंबे समय से सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जारांगे पाटिल मूलतः बीड जिले के रहने वाले हैं। मटोरी गांव में जन्मे मनोज ने 12वीं तक पढ़ाई की है। आजीविका के लिए बीड से जालना आ गए। यहां एक होटल में काम करते हुए सामाजिक कार्य शुरू किए।

चीन ने ताइवान पर बढ़ाया दबाव, 33 विमान किए तैनात

ताइपे। चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को धमकाने के लिए 33 लड़ाकू विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने सैन्य दबाव ऐसे समय बढ़ाया है, जब थाइलैंड में अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों की मुलाकात होने वाली है।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह छह बजे तक एसयू-30 लड़ाकू विमान समेत 33 विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा द्वीप और चीन के बीच अनाधिकारिक सीमा मानी जाती है। चीन द्वीपीय क्षेत्र ताइवान को अपना मानता है और इसे धमकाने के लिए लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजता रहता है।

सड़क पर उतरे किसान..

फ्रांस: 70 हजार से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। किसान अपने 41 हजार से अधिक ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए थे। बता दें, किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां उन्हें अप्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ● एजेंसी

ईडी ने पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को भेजा 10वां समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में

पूछताछ के लिए एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने सीएम सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 29 या 31 जनवरी को तारीख देने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, अन्यथा एजेंसी खुद पूछताछ करने के लिए जाएगी। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को अबतक नौ समन जारी किया गया है। आठवें समन में उनसे 6 जनवरी से 20 जनवरी तक पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इस पर हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी को उनके आवास पर पूछताछ के लिए आने को कहा था।

गाजा नरसंहार : आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

कोर्ट के आदेश देने से मना करने पर बाले- दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सरिल रामफोसा

इजराइल लगातार गाजा स्थित हमास के ठिकानों को निशाना बना रहा है। हमास और इजराइल युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंट गई है। जहां एक तरफ कई देश गाजा की पैरवी कर रहे है तो वहीं इजराइल की हितैषी देशों की संख्या में भी कोई कमी नहीं है। दोनों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई।

दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से आग्रह किया था कि वह इजराइल को हमास आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य कार्रवाई को रोकने के आदेश दें। हालांकि कोर्ट ने इस तरह के आदेश देने से मना कर दिया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान इजराइल को सैन्य हमले के दौरान मौत और क्षति को कम करने की हिदायत दी गई है। इस फैसले को लेकर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि फलस्तीनियों और न्याय सुरक्षा की दिशा में यह एक खास कदम है।

24 घंटे में 11 आतंकियों को उतारा मौत के घाट

यरुशलम। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को कहा कि इजराइल के विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा के खान यूनिस में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना कहा हमास ने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।

अंकुश सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस करने का लक्ष्य

एआई से रुकेगी टोल प्लाजा पर हो रही धांधली

नई दिल्ली, एजेंसी

एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) टोल प्लाजा पर हो रही धांधली अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से रोकेगा। अगले महीने से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दर्जन भर से अधिक टोल पर ट्रायल शुरू होने जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस कर दिए जाएं।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टोल नाके पर 100 मीटर से अधिक लंबी कतार है तो इस दायरे के बाद खड़े वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके लिए 100 मीटर से पहले एक यलो मार्किंग होती है। दूसरा नियम है कि टोल कटने में 10 सेकंड से अधिक का समय लगता है तो टोल नहीं देना होगा। लेकिन इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। टोल कर्मी बिना टोल के वाहन नहीं जाने देते। इसलिए एआई के जरिए टोल के नियमों का पालन कराया जाएगा।

ग्रीन सिग्नल मिलेगा 100 मीटर से अधिक दूरी पर खड़े वाहन को टोल गेट पर ग्रीन सिग्नल दिखेगा।

ऐसे में वाहन के फास्ट टैग से पैसे नहीं करेंगे। इसी तरह यदि टोल 10 सेकंड में नहीं कटा तो बैरियर स्वयं ऊपर हो जाएगा और ग्रीन सिग्नल वाहनों को मिलेगा मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि यदि टोल कर्मी बैरियर को मैनुअली डाउन करे तो टोल कटेगा, कटेगा, लेकिन एआई से टोल ट्रांजेक्शन रिवर्ट फाइल में दर्ज हो जाएगा। 12 से 24 घंटे के अंदर टोल रकम, फास्ट टैग वालेट में जमा हो जाएगी।

टोल के पास घर तो पास की नहीं होगी जरूरत

टोल नाके से 150 मीटर के आसपास जिनके घर हैं, उन्हें टोल से छूट के लिए मासिक पास मिलता है। उन्हें पास की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके वाहन नंबर डाटा में दर्ज हो जाएंगे और उसका भुगतान मंथली मोड में एक बार ही कट जाएगा।



सोमनाथ मंदिर के पास की भूमि कराई खाली, 21 घर गिराए

गिर सोमनाथ, एजेंसी



गुजरात में अतिक्रमण विरोधी अभियान 53 झोपड़ियां हटाईं

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर के पीछे मंदिर ट्रस्ट और राज्य सरकार की तीन हेक्टेयर भूमि को खाली करने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट की जमीन को खाली कराने के लिए अनधिकृत रूप से बने करीब 21 घरों और 153 झोपड़ियों को गिराया गया।

घरों और झोपड़ियों को गिराने का अभियान शनिवार की सुबह शुरू हो गया। इस दौरान मामलतदार और 100 राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे। इलाके में सुचारू रूप से अभियान चलाने के लिए भारी पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। राजस्व विभाग से जारी नोटिस के अनुसार, भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के बाद वहां बाड़ लगाई जाएगी। सोमनाथ मंदिर अरब सागर के तट पर वेरावल शहर के पास प्रभास पाटन में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से पहला है। यह एक प्रमुख तीर्थस्थल है।

जिला कलेक्टर ने कहा, हमने अनधिकृत रूप से बने घरों को गिराने का काम शुरू कर दिया है। इसे बाड़ लगाकर सुरक्षित किया जाएगा। इस अभियान से पहले हमने अतिक्रमणकारियों के प्रतिनिधियों के साथ 25 जनवरी को बैठक की और पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की।